## न्यूज ब्रीफ

### छप्पर हटाने के विवाद में मारपीट

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के सुक्खा नेवादा गांव में सोमवार को घर के बाहर रखा छप्पर हटाने के विवाद में दो भाइयों के परिवार में जमकर मारपीट हो गई थी। जिसमें दोनों पक्षों के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया था। दोनों पक्षों की तहरीर पर ज्ञानसिंह, लवकुश, रामू, श्यामू, सोनू, कुलदीप, हरमोहन, धीरज, रामसिंह व आशीष पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है ।

### युवक को पीटने पर मामला दर्ज

**शिवराजपुर।** राजेपुर गांव से ड्यूटी करने जा रहे युवक को चार लोगों ने जमकर पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। राजेपुर गांव निवासी राजेश पुत्र जानकी प्रसाद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह दो फ़रवरी को मजदूरी करने जा रहा था। तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे बेहटा गांव निवासी सोनू, सूरज, दीपक, किशन आदि ने मुझे घेर कर गाली गलौज करने लगे, ज़ब मैंने इसका विरोध किया तो सभी ने एक राय होकर मुझे लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया, जिसमे मुझे चोटें आई हैं। वहीं इस मामले में थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया तहरीर के बाद जांच पड़ताल करके मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रहीं है।

### छात्रा से छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज

**हमीरपुर।** ललपुरा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा को लिफ्ट देने के बहाने बाइक सवार युवक ने बीच रास्ते छेड़छाड़ की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थानाक्षेत्र के एक गांव की छात्रा सोमवार की दोपहर करीब दो बजे अपने घर जाने के लिए निकली थी। ललपुरा बस स्टैंड में गांव निवासी राजकुमार शर्मा ने छात्रा को लिफ्ट देकर बाइक में बैठा लिया। बाद में छेड़खानी करने लगा। छात्रा के विरोध करने व शोर मचाने पर खेतों में काम कर रहीं महिलाएं दौड़ पड़ीं। जिस पर आरोपी छात्रा को जान-माल की धमकी देते हुए उसे छोड़कर भाग गया। ललपुरा थाना प्रभारी राकेश कुमार सरोज ने बताया तहरीर मिली है। आरोपी के विरुद्ध छेड़खानी, एससी/एसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की।

### अनियंत्रित होकर बाइक फिसली चालक गंभीर घायल

**कुरारा (हमीरपुर)।** कालपी हमीरपुर हाईवे पर झलोखर गांव के सैयद बाबा मजार के पास अनियंत्रित होकर बाइक गिरने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सुमेरपुर थानाक्षेत्र के चंदौखी गांव निवासी नन्द किशोर (25) पुत्र रामऔतार किसी काम से बाइक से कस्बा आ रहा था। जहां कालपी हमीरपुर हाईवे में झलोखर गांव के सैयद बाबा मजार के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें सवार नन्द किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक चालक हेलमेट नहीं लगाए था। राहगीरों की मदद से उसे एंबुलेंस से स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। मामले की जांच की जा रही है।

### बिना अनुमति के कस्बे में छह लोगों ने पाल रखे है रॉट विलर डॉग

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे में छह लोगों ने प्रतिबंधित रॉट विलर डॉग पाल रखे हैं। परंतु प्रशासन से किसी ने अनुमति नहीं ली है। वहीं किशोर को लहूलुहान करने वाले रॉटविलर के स्वामी के खिलाफ अभी तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई है। इससे लोगों में दहशत व्याप्त है। कस्बे के बसपा के नगर अध्यक्ष सागर सम्राट ने प्रतिबंधित रॉट विलर का जोड़ा पाल रखा है। रविवार शाम को कुत्ते ने पड़ोस के बच्चे अंश गौतम (13) को काटकर लहूलुहान कर दिया था। इस घटना से लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। घायल किशोर का उपचार चल रहा है। इधर मंगलवार पड़ताल की गई तो सामने आया कि कस्बे में छह लोगों ने इस प्रतिबंधित कुत्ते को पाल रखा है। इस घटना के बाद प्रशासन ने इन प्रतिबंधित कुत्तों को पालने वाले पर अभी तक किसी तरह के कार्रवाई नहीं की है।

# प्रशासन ने सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटवाये

**क्षेत्र के तकीपुर गांव में राजस्व टीम ने पुलिस की मौजूदगी में की कार्रवाई**

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों को हटाने की कड़ी में सोमवार को क्षेत्र के तकीपुर गांव में अभियान चलाकर कब्जेदारों से बंजर भूमि खाली कराई गई। नायब तहसीलदार की मौजूदगी में चले अभियान में ग्रामीणों को दोबारा अतिक्रमण न करने की कड़ी हिदायत दी गई। इस दौरान भारी पुलिस बल व प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। इसके चलते ग्रामीण विरोध नहीं कर सके।

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों को हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसडीएम बिल्हौर संजीव कुमार दीक्षित के आदेश पर सोमवार को क्षेत्र के तकीपुर गांव में राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटवाकर यहां की बंजर भूमि कब्जेदारों से मुक्त कराई। इस दौरान नायब तहसीलदार दिव्या भारती ने अतिक्रमणकारियों को कड़ी हिदायत देकर कहा कि दोबारा कब्जा करने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी दी कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक श्री प्रकाश, लेखपाल प्रदीप पांडे, अजय त्रिपाठी व पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

- **अधिकारियों ने कहा दोबारा कब्जा करने पर होगी कार्रवाई**
- **नायब तहसीलदार की मौजूदगी में चला अभियान**

### नेवादा वंशी में राजस्व टीम ने ध्वस्त किया कब्जा

**शिवराजपुर।** उप जिलाधिकारी बिल्हौर के आदेश पर आज राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। तहसील बिल्हौर के अंतर्गत ग्राम नेवादा वंशी में स्थित सरकारी ऊसर भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को राजस्व टीम ने पूरी तरह ध्वस्त कर भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया। राजस्व निरीक्षक राजेश दुबे की अध्यक्षता में अभियान चलाया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से निर्मित ढांचों को गिरा दिया। प्रशासन की इस सक्रियता से भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारकों में हड़कंप मच गया है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक राजेश दुबे के साथ क्षेत्रीय लेखपाल स्मिता और थाना शिवराजपुर की पुलिस टीम मुस्तैद रही उप जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि राजकीय भूमि को सुरक्षित रखा जा सके। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को चेतावनी दी की दोबारा सरकारी भूमि पर कब्जा न करें।

### जनता दरबार में दिव्यांग को तत्काल मिली ट्राई साइकिल

**हमीरपुर।** मंगलवार को जनसुनवाई में लगभग 92 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए उन्होंने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल व जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

जनसुनवाई के दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति के घसीटकर जनता दरबार में आने की सूचना मिलते ही डीएम ने अर्दली को व्हीलचेयर लेकर भेजा। सरीला तहसील के गोहांड कस्बा निवासी दिव्यांग मंगल सिंह पुत्र ब्रह्मा ने जनता दरबार में बताया कि वह बीते सोमवार की रात हमीरपुर बस स्टैंड में रुका रहा है। मंगलवार की सुबह वह ट्राई साइकिल की मांग को लेकर जनता दरबार में आ रहा था। डीएम ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए दिव्यांग की मांग का अवलोकन कर तत्काल उसे ट्राई साइकिल उपलब्ध करा दी।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत



दुर्घटना के बाद खड़ा डंपर और मौके पर मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

**चौबेपुर।** क्षेत्र के तातियागंज गांव के निकट हाईवे की सर्विस रोड पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई।

शिवराजपुर क्षेत्र के बिलहन गांव निवासी रणजीत (32) पुत्र रघुराज पेशे से ट्रैक्टर चालक था। बताया गया है कि मंगलवार सुबह वह कार्यवश घर से बाइक द्वारा कानपुर जा रहा था। तभी करीब 10:30 बजे क्षेत्र के तातियागंज गांव स्थित आर सी एल फैक्ट्री के समीप हाईवे की सर्विस रोड पर विपरीत दिशा से जाने के दौरान सामने से आ रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मार्ग पर गिरा बाइक सवार डंपर के पहिया के नीचे आ गया। हादसा देख डंपर चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और खून से लथपथ पड़े बाइक सवार को उपचार के लिए आनन फानन सी एच सी भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस पूछताछ में लोगों ने बताया कि बाइक सवार गलत दिशा से जा रहा था। थाना प्रभारी दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि दुर्घटना करने वाले डंपर को पकड़ लिया गया है।

### पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के पुत्र की दुर्घटना में मौत

**बिल्हौर।** बिल्हौर क्षेत्र के बिर्रा खानपुर गांव के रहने वाले पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सूरज प्रसाद कटियार के पुत्र विपिन कटियार उर्फ गुड्डू की एक मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई।



विपिन कटियार।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सूरज प्रसाद कटियार के पुत्र विपिन कटियार का मार्ग दुर्घटना में निधन हो गया। विपिन का परिवार कैबिनेट मंत्री का रिश्तेदार होने के साथ-साथ उनके पिता सूरज प्रसाद कटियार का भी राजनीतिक रसूख है। वे कानपुर नगर जिला पंचायत अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनके निधन के बाद क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर, रवि प्रकाश बाजपेई, जयप्रकाश कटियार, अपना दल एस के बबलू कटियार, अमित श्रीवास्तव, नानामऊ गगन सिंह ठाकुर, अरुण कटियार समेत तमाम लोगों ने विपिन के घर पहुंचकर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और परिजनों को ढांढस बंधाया।

# अन्ना सांड़ के हमले से वृद्ध की चली गई जान

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** शुक्रवार शाम वृद्ध पर अन्ना सांड ने हमला कर दिया। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में वृद्ध को स्थानीय लोगों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई।

कस्बे के थाना चौराहा के पास के निवासी गणेश (78) पुत्र बैजनाथ शुक्रवार की शाम सब्जी मंडी सब्जी खरीदने गये थे। जहां पर अचानक आवारा सांड ने वृद्ध पर पीछे से हमला कर दिया। सांड के हमले से गणेश गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गंभीर हालत में वृद्ध को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। इससे पहले भी सब्जी मंडी में सांड ने कस्बे के मराठीपुरा निवासी राजकुमार तिवारी पर हमला कर दिया था। जिससे राजकुमार गंभीर घायल हुआ था। जिसका इलाज कानपुर के अस्पताल में चला था। लेकिन इतनी सब घटना होने के बाद भी कस्बे में आवारा सांडों का आतंक बना हुआ हैं। जिससे बीते शुक्रवार की शाम एक आवारा सांड ने वृद्ध की जान ले ली।

बताते चलें कि सरकार अन्ना पशुओं को बंद करने के लिए गौशालाओं के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है लेकिन जिम्मेदार अपने गैर जिम्मेदाराना रवैया दिखाते हुए सरकारी धन का बंदरबांट कर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि उन्हें मौत की जानकारी अभी हुई है और संबंधित उपनिरीक्षक को भेजा जा रहा है।

अगर परिजन चाहेंगे तो पोस्टमार्टम कराया जाएगा। बांकि नगर पालिका को भी लिखा जाएगा कि इन्हें बंद करें। नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। मृतक अपने परिवार में दो बेटे और तीन बेटियों को रोता बिलखता छोड़ गया है घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# लायर्स एसो. चुनाव : अध्यक्ष समेत 17 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार ।** बिल्हौर लायर्स एसोसिएशन के वर्ष 2026 के वार्षिक चुनाव की तस्वीर अब पूरी तरह साफ हो गई है। सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद कार्यकारिणी के लगभग सभी पदों पर सहमति बन गई है। एसोसिएशन के कुल 18 पदों में से अध्यक्ष समेत 17 पदों पर एकल नामांकन होने के कारण इन प्रत्याशियों का निर्विरोध चुना जाना तय है। अब सारा रोमांच केवल महामंत्री पद पर टिक गया है, जहां दो दिग्गजों के बीच सीधी जंग देखने को मिलेगी।



अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित जर्नादन यादव का स्वागत करते समर्थक।

चुनाव प्रक्रिया में इस बार आपसी सामंजस्य का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता जनार्दन सिंह यादव ने एकमात्र नामांकन दाखिल किया था, जिसके चलते उनके नाम पर निर्विरोध मुहर लग गई है।

> लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान करते हुए केवल महामंत्री पद के लिए मतदान कराया जाएगा। बाकी 17 पदों पर एकल नामांकन होने से परिणाम स्पष्ट हैं, जिनकी आधिकारिक घोषणा चुनाव प्रक्रिया पूरी होने पर की जाएगी। **-आनंद शर्मा (एल्डर्स कमेटी)**

उनके अलावा कार्यकारिणी के 16 अन्य पदों पर भी कोई दूसरा प्रतिद्वंद्वी सामने नहीं आया, जिससे पूरी टीम का निर्विरोध चुना जाना सुनिश्चित हो गया है।

**महामंत्री पद पर फंसा पेच :** एसोसिएशन में केवल महामंत्री का पद ऐसा रहा जहां सहमति नहीं बन सकी। इस पद के लिए एडवोकेट कुशल पांडेय और एडवोकेट विशाल सैनी ने अपनी दावेदारी मजबूती से पेश की है। एल्डर्स कमेटी के प्रयासों के बावजूद दोनों प्रत्याशियों के बीच समझौते की स्थिति नहीं बनी। अब महामंत्री के भाग्य का फैसला मतदान के जरिए होगा।

**चुनाव कार्यक्रम और घोषणा:** एल्डर्स कमेटी के सदस्य आनंद शर्मा और प्रशांत त्रिवेदी ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि चुनाव की शुचिता बनाए रखने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। 17 फरवरी सुबह से दोपहर तक निर्धारित समय तक मतदान होगा। उसके बाद उसी दिन मतगणना होगी और बाद में परिणाम घोषित किया जायेगा।

### मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध की थमीं सांसें

**कुरारा (हमीरपुर)।** मंगलपुर गांव निवासी घसीटा (90) पुत्र छोटा गोकुल का डेरा गांव से भंडारा खाकर अपने गांव वापस लौट रहा था। तभी शाम करीब 5:30 बजे मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। सीएचसी लेकर गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।







## न्यूज ब्रीफ

### पौने सात किलो गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** थाना राजपुर की पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 6 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक इसकी अनुमानित कीमत लगभग दो लाख 75,000 है। पकड़े गए युवक ने अपना नाम विपिन उर्फ साजन उर्फ चंद्रशेखर पुत्र दुलीचंद निवासी ग्राम कर्रही, गुलाबी बिल्डिंग के सामने, थाना बर्रा जनपद कानपुर नगर बताया। तलाशी में विपिन के पास से एक प्लास्टिक की बोरी में अवैध गांजा मिला।

### आज जिले के भ्रमण पर रहेंगे प्रभारी मंत्री

**कानपुर देहात।** प्रदेश सरकार में मत्स्य विभाग के मंत्री और जिले के प्रभारी डॉ. संजय कुमार निषाद बुधवार को जिले के भ्रमण पर रहेंगे। सुबह 10 :30 बजे निरीक्षण भवन माती कानपुर देहात में आगमन होगा। इसके पश्चात 11 बजे भारत के केंद्रीय बजट के संबंध में प्रेस वार्ता करेंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री द्वारा जनपद के किसी भी तहसील एवं दो पुलिस थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा।

### पति के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

**शिवली।** मंगलवार की दोपहर कोतवाली क्षेत्र के नाला प्रतापपुर औगी गांव में शराबी पति ने गाली गलौज कर पत्नी की पिटाई की। घायल पत्नी ने पति के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस में घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवली कोतवाली क्षेत्र के नाला प्रतापपुर औगी गांव निवासिनी पूनम पत्नी अभय प्रताप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मंगलवार की दोपहर उसके पति ने शराब के नशे में गाली गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी है। मैथा चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर की गई है।

### आधा दर्जन ट्रकों का किया गया चालान

**रसूलाबाद।** सीओ ने आजाद चौक के निकट गलत ढंग से खड़े ऑटो, बस, ई रिक्शा के चालकों को हिदायत देते हुए अवैध पार्किंग की धाराओं में चालान किया। इसके साथ ही त्रुटिपूर्ण नंबर प्लेट के चलते करीब 6 ट्रकों का ई-चालान किया गया। रसूलाबाद सीओ आलोक कुमार चौधरी ने कस्बा इंचार्ज प्रमोद दीक्षित व पुलिस टीम के साथ आजाद चौक में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया और बीच सड़क में अवैध ढंग से खड़े ई रिक्शा चालकों को खदेड़ा व करीब छह वाहनों को अवैध पार्किंग के अपराध के संबंध में ई-चालान किए गए। डिप्टी एसपी आलोक कुमार चौधरी ने बताया कि अवैध पार्किंग व ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### लापता छात्र का नहीं लगा सुराग

**कानपुर देहात।** मूसानगर थाना क्षेत्र के पुलंदर गांव निवासी रामदेव का 16 वर्षीय पुत्र नागेंद्र 27 नवंबर 2025 को घर से निकल गया था। काफी समय तक वापस ना आने पर परेशान परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कर्म योगी इंटर कॉलेज चांदपुर में वह कक्षा 11 का छात्र है। उसके बारे में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी न मिलने से परिजनों में आशंकाओं ने घर करना शुरू कर दिया है।

# जिले में शुरू होगा जनगणना का पहल चरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- डीएम ने कहा, जनगणना कार्य में न हो कोई लापरवाही



जनगणना समन्वय समिति के साथ बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जनपद में जनगणना की उल्टी गिनती प्रारंभ हुई है। मंगलवार को जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की पहली बैठक हुई। इसमें डीएम कपिल सिंह ने जनगणना कार्यों को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपादित किए जाने के निर्देश जारी किए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसके आधार पर शासन की विभिन्न योजनाओं, संसाधनों के आवंटन एवं विकास कार्यों की रूपरेखा तय की जाती है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, फील्ड स्तर पर कार्मिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समय से आयोजित कर सभी गणनाकर्मियों को नवीन दिशा-निर्देशों एवं तकनीकी प्रक्रियाओं से भली-भांति अवगत कराया जाए। बैठक में डाटा संग्रहण की पारदर्शिता, सटीकता एवं गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना से संबंधित किसी भी प्रकार की त्रुटि या गलत प्रविष्टि से बचने हेतु सतत निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इसके साथ ही, जनसहभागिता बढ़ाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आमजन को जनगणना के महत्व से अवगत कराने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य द्वारा अवगत कराया गया कि जनगणना दो चरणों में संपादित की जाएगी। प्रथम चरण में हाउस होल्ड (गृह-आधारित) गणना की जाएगी, जिसमें आवासीय संरचनाओं, परिवारों तथा मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विवरण संकलित किया जाएगा। द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का विवरण निर्धारित प्रारूप पर दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों चरणों के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है तथा कार्मिकों की तैनाती, प्रशिक्षण एवं लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं पर कार्य प्रगति पर है। बैठक में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि क्षेत्रवार माइक्रो-प्लान तैयार कार्य विभाजन सुनिश्चित करें तथा शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य संपादन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कई अधिकारी मौजूद रहे।

# एसआईआर प्रक्रिया में एक लाख 33 हजार को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** वोटर लिस्टों के संबन्ध में नोटिस निर्गत किए जाने एवं उनकी सुनवाई से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्रदान करने हेतु मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने बैठक की। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत नवीन दिशा-निर्देशों से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखते हुए आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किए जाने पर विशेष बल दिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### आपत्ति 6 फरवरी तक

**कानपुर देहात।** एडीएम अमित कुमार ने बताया कि समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के अंतर्गत 6 फरवरी तक पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने, स्थानांतरण अथवा विलोपन हेतु दावे एवं आपत्तियां ली जाएंगी।

इस अवसर पर दावे एवं आपत्तियों की सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं सहभागी बनाया जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि बीते दिवस तक कुल 22,324 फार्म-6, 519 फार्म-7 एवं 3,587 फार्म-8 प्राप्त हुए हैं।

# मासूम से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

## अक्टूबर 2024 की घटना, एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** अरौल क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली मासूम को रुपए देने का लालच देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले की सुनवाई करते हुए पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी युवक को दोष सिद्ध करते हुए उसे पूर्ण जीवनकाल के कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उसपर एक लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि अरौल क्षेत्र के गांव निवासी दंपत्ति 13 अक्टूबर 2024 को अपने बच्चों के साथ गांव में लगा मेला देखने गए थे। मेला घूमते हुए देर शाम होने पर उनकी आठ वर्षीय पुत्री को नींद आने लगी तो वह घर सोने चली गई। पति-पत्नी मेला देखकर घर पहुंचे तो पुत्री को घर पर न पाकर उसकी तलाश शुरू कर दी इसी बीच मासूम पुत्री रोते हुए घर पहुंची और बताया कि गांव का ही युवक उसे बीस रुपए देने का लालच देकर अपने घर ले गया और उसके कपड़े उतारकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके साथ ही उसके खिलाफ आरोपपत्र अदालत में दाखिल कर दिए। मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13 /पॉक्सो एक्ट शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को दोषी ठहराते हुए उसे पूर्ण जीवनकाल के कैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही उसपर एक लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया है।



### एक साल 29 दिन में आया फैसला

विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि मामले में घटना की रिपोर्ट 13 अक्टूबर 2024 को दर्ज होने के बाद मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए 30 नवंबर 2024 को आरोपपत्र अदालत में पेश किए थे। इसके बाद कोर्ट ने 3 जनवरी 2025 को आरोपी पर आरोप तय कर विचारण शुरू कर दिया था। अभियोजन की लगातार पैरवी पर बारह गवाहों को अदालत में पेश कर उनके बयान दर्ज कराए गए। मामले में अभियोजन की मजबूत पैरवी से एक वर्ष 29 दिन में अदालत का फैसला आया।

# डीएम ने की जनसुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जुड़े अधिकारी

**कानपुर देहात।** मंगलवार को जिलाधिकारी कपिल सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। प्रकरणों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे जनसामान्य का प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की नियमित समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि पोर्टल पर प्राप्त किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए।

# ई-आरपी आधारित कॉमन साफ्टवेयर से जोड़कर बनाया जाएगा ई-पैक्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कलेक्ट्रेट सभागार में हुई डीएलआईएमआईसी की बैठक

**अमृत विचारः** सहकारिता विभाग द्वारा मंगलवार को मां मुक्तेश्वरी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय कार्यान्वयन एवं निगरानी समिति (डीएलआईएमआईसी) की बैठक हुई। इसमें प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटरीकरण से संबंधित परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का कम्प्यूटरीकरण भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित एक केंद्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य सभी कार्यशील पैक्स को ईआरपी आधारित कॉमन सॉफ्टवेयर से जोड़कर उन्हें पूर्णतः डिजिटल (ई पैक्स) बनाना तथा नाबार्ड के माध्यम से जिला सहकारी बैंक एवं राज्य सहकारी बैंक से लिंक करना है।

डीएम कपिल सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि इससे समितियों के कार्यों में पारदर्शिता एवं दक्षता बढ़ेगी, साथ ही किसानों को ऑनलाइन सेवाएं एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। बैठक के दौरान प्रथम एवं द्वितीय चरण के अंतर्गत डायनेमिक डे एंड की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान दैनिक लेन-देन, खातों की क्लोजिंग तथा रिपोर्टिंग प्रक्रिया के संचालन की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन किया गया। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष समाप्ति से संबंधित ईयर एंड प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई, जिसमें लेखांकन, बैलेंस शीट तैयार करने, ऑडिट एवं रिपोर्टिंग की प्रगति तथा सामने आ रही चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। ई पैक्स परियोजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रथम चरण में चयनित 11 समितियों में से 6 समितियों को सफलतापूर्वक ई पैक्स के रूप में विकसित किया जा चुका है, जहां समितियों का संचालन पूर्णतः कंप्यूटरीकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जा रहा है तथा उन्हें नाबार्ड से भी लिंक किया जा चुका है।

### तृतीय चरण के ग्राउंड सर्वे रिपोर्ट की समीक्षा की

इसी प्रकार द्वितीय चरण में चयनित 22 समितियों में से 16 समितियों को ई पैक्स के रूप में विकसित किया जा चुका है। शेष समितियों में कार्य प्रगति पर है। बैठक में तृतीय चरण के अंतर्गत प्रस्तावित समितियों के ग्राउंड सर्वे रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई। इसमें फील्ड सर्वे, आवश्यकता मूल्यांकन, हार्डवेयर, इंटरनेट कनेक्टिविटी, विद्युत व्यवस्था सहित आवश्यक आधारभूत संरचनाओं की उपलब्धता तथा कार्ययोजना पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी बीएसएनएल के प्रतिनिधि, सहकारिता विभाग के अधिकारी, जिला सहकारी बैंक के अधिकारी व प्रतिनिधि शामिल रहे, ने परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही शेष समितियों को शीघ्र कम्प्यूटरीकृत करने, तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ बनाने, कार्मिकों को आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा कनेक्टिविटी, डेटा माइग्रेशन जैसी संभावित बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने पर बल दिया गया।

# गौशाला की अव्यवस्थाओं को लेकर लगाया जाम

**कानपुर देहात।** धर्मपुर गौशाला में अव्यवस्थाओं का आरोप लगाकर मंगलवार को बंजरगदल व विहिप के कार्यकर्ता सचिव के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। कार्रवाई न किए जाने से नाराज कार्यकर्ताओं ने ब्लाक परिसर से उठकर सिंकदरा झींझक मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर थानाध्यक्ष मंगलपुर ने पहुंच कर कार्यकर्ताओं को मार्ग से हटा दिया। आरोप है कि गौशाला में साढ़े तीन सौ गोवंश संरक्षित है लेकिन गौवंशों को हरा चारा व चूनी, चोकर नही दिया जा रहा है। कार्यकर्ता सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे थे। बीडीओ ने जांच कर कार्रवाई की बात कही तो कार्यकर्ताओं ने तीन बजे सिंकदरा झींझक मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पाते ही थानाध्यक्ष मंगलपुर महेश दुबे ने पहुंच कर कुछ देर बाद जाम खुलवा दिया।

### मुआयने में चौकस मिलीं गौशाला की व्यवस्थाएं

**कानपुर देहात।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुबोध कुमार द्वारा बीते दिवस रसूलाबाद क्षेत्र की अस्थायी गौशाला, असालतगंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मौके पर 325 गोवंश संरक्षित पाए गए। गौशाला में लगभग 400 क्विंटल भूसा एवं आठ क्विंटल पशु आहार उपलब्ध पाया गया। निरीक्षण के समय चारही में हरे चारे के डंठल पाए गए। उपस्थित केयर-टेकर को हरा चारा काट कर भूसे के साथ मिलाकर खिलाए जाने के निर्देश दिए।

# मंगलपुर-संदलपुर मार्ग जगह-जगह क्षतिग्रस्त, परेशान हो रहे वाहन चालक

संवाददाता, मंगलपुर



अभी इस हाल में है सड़क। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मंगलपुर संदलपुर मुख्य मार्ग कई जगह उखड़ गई है। इससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इलाकाई लोगों ने जिला प्रशासन से जल्द कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

सरकार सड़कों को दुरुस्त करने के लिए अधीनस्थों को दिशा निर्देश दे रही है लेकिन उसके बाद में मुख्य सड़के भी दुर्दशा का शिकार है। ऐसे ही सिकंदरा बिल्हौर मार्ग पर मंगलपुर से संदलपुर के बीच मुख्य मार्ग है जो कई जगह उखड़ गया है। डबल लेन की मुख्य सड़क होने से इस मार्ग पर पूरे दिन छोटे बड़े वाहन फर्राटा भरते हैं जिसमें जगह-जगह सड़क उखड़ जाने से छोटे और बड़े वाहन के चालकों को परेशानिया हो रही है।

यह मुख्य मार्ग है इसके बावजूद भी कई जगह सड़क उखड़ी पड़ी है जबकि डबल लेन की सड़क है इसमें पूरे दिन वाहन फर्राटा भर रहे हैं। सड़क खराब होने से हादसा होने का भी खतरा बना हुआ है। इलाकाई लोगों ने बताया कि यह मुख्य मार्ग है यह सड़क कई जगह उखड़ गई है जिससे सभी को परेशानियां होती है। उन्होंने शीघ्र ही सड़क की मरम्मत करवाए जाने की मांग की है।

# लखनऊ से आई एग्जामिनर ने आरपीएस कॉलेज में ली परीक्षा

संवाददाता, रसूलाबाद



प्रयोगात्मक परीक्षा देतीं छात्राएं।

**अमृत विचारः** इंटरमीडिएट की हो रही प्रयोगात्मक परीक्षाओं के तहत मंगलवार को कस्बे के आरपीएस इंटर कॉलेज में रसायन विज्ञान की परीक्षाएं हुई। इसमें लखनऊ के क्वींस कॉलेज की आईं परीक्षिका ज्योति गुप्ता ने परीक्षार्थियों की परीक्षाएं ली। परीक्षाएं दो-तीन दिन तक चलेगी। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य डीपी शुक्ला ने बताया कि विद्यालय में इंटरमीडिएट के कुल 213 छात्र छात्राएं हैं जिन्हें रसायन विज्ञान की परीक्षा देनी है। क्वींस कॉलेज लखनऊ से आई रसायन विज्ञान की परिक्षिका ज्योति गुप्ता ने छात्र-छात्राओं से मंगलवार से परीक्षा लेना प्रारंभ किया है।

इसमें मौखिक लिखित व प्रयोगात्मक परीक्षाएं ली जा रही हैं। प्रति छात्र मौखिक प्रश्न पूछ कर उसका भी अंकन किया जा रहा है। छात्र छात्राओं की संख्या को देखते हुए परीक्षाएं दो-तीन दिन तक चलेंगी। इस अवसर पर शिक्षक रसायन विज्ञान शिक्षक अमित कुमार व अजय तिवारी, जेसी वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सत्य की राह पर अडिग रहने वालों का ही होता गुणगान

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** सत्य का पथ अत्यंत दुरुह है जिस पर कोई बिरले ही खरे उतरते हैं और जो सत्य पथ पर अडिग रहते हैं उनका नाम युगों युगों तक राजा हरिश्चंद्र की तरह सदैव याद किया जाता है। सत्य की प्रतिष्ठा के लिए आज भी लोग उनके नाम का उदाहरण देते हैं।

यह बात बारापुर स्थित जखई बाबा देव स्थान परिसर में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा कहते आचार्य सोनू शास्त्री ने हरिश्चंद्र कथा प्रसंग के दौरान श्रोताओं को बताई। कथावाचक ने बताया की हरिश्चंद्र के सत्य निष्ठ रहने की बढ़ती यश कीर्ति को लेकर इंद्र ने भयभीत होकर विश्वामित्र ऋषि को उनकी परीक्षा लेने हेतु भेजा। विश्वामित्र ने उनके यहां जाकर उनका आतिथ्य स्वीकार किया और दक्षिण के समय राजा के द्वारा दक्षिणा मांग लेने की बात कहने पर उन्होंने उनका सारा राज पाट मांग लिया । फिर उन्हें राज्य से निकाल दिया। तब वह अपनी पत्नी तारा और पुत्र रोहिताश्व के साथ इधर-उधर भटकने लगे। संयोग से विपन्न अवस्था के दौरान उनकी पत्नी को दासी के रूप में बिकना पड़ा और वह स्वयं एक चांडाल के यहां मरघट पर कर वसूलने वाले पहरेदार के रूप में नौकरी करने लगे। परीक्षा के दौरान ही विश्वामित्र ने उनके पुत्र को सर्प से डसवा दिया। जिसे लेकर उनकी पत्नी तारा जब काशी के श्मशान घाट पर गई तो शव दाह के पूर्व लिए जाने वाला कर हरिश्चंद्र ने उनसे मांगा किंतु कर देने में असमर्थ तारा ने अपनी फटी धोती का ही आधा भाग कर के रूप में देने के लिए फाड़ने लगी । इतनी कठोर परीक्षा में भी सत्य से न डिगने पर विश्वामित्र प्रकट हुए और उन्होंने हरिश्चंद्र को उनका राजपाट लौटा दिया एवं उनके सत्य निष्ठा की प्रशंसा की।

संवाद

**नियमित चेकअप से रुक सकता कैंसर, महिलाएं 40 वर्ष की आयु के बाद स्तन कैंसर के लिए वार्षिक मैमोग्राफी, तीन साल में पैप स्मीयर परीक्षण कराएं**

# लाइफ स्टाइल में बदलाव और एक्सरसाइज ही कैंसर से बचाव : डॉ अर्जुन

**विश्व कैंसर दिवस आज**

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बातचीत करते कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लाइफ स्टाइल में बदलाव और रेगुलर एक्सरसाइज करने से कैंसर से बचाव किया जा सकता है। खानपान बेहतर रखने के साथ रेगुलर एक्सरसाइज करने से शरीर में अच्छे हार्मोंस पैदा होते हैं, जो कैंसर सेल को शरीर में एक्टिव होने से रोकने का कार्य करते हैं। 40 वर्ष की आयु के बाद सभी महिलाओं को स्तन कैंसर के लिए वार्षिक मैमोग्राफी और हर तीन साल में पैप स्मीयर परीक्षण कराना चाहिए। प्रत्येक पुरुष को प्रोस्टेट कैंसर के लिए हर तीन साल में सीरम पीएसए परीक्षण कराना चाहिए, ताकि यह मालूम हो सके कि शरीर के किसी हिस्से में कैंसर के सेल तो एक्टिव नहीं हो रहे हैं। यह कहना है कि रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं एमसीएच (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) डॉ. अर्जुन अग्रवाल का। अमृत विचार से हुई बातचीत में कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि 70 प्रतिशत कैंसर का इलाज लाइफ स्टाइल में बदलाव और बेहतर डॉक्टर की सलाह से ली जा रही दवाइयों से संभव है। वह कहते हैं कि कैंसर सेल कहीं बाहर से शरीर में प्रवेश नहीं करते हैं। ये हमारे शरीर के अंदर ही होते हैं, जो हमारे बिगड़े खानपान, तंबाकू और बीड़ी-सिगरेट और कई अन्य कारणों से शरीर में एक्टिव हो जाते हैं। कैंसर का एक सेल दो, चार फिर 16 होते ही तेज गति से शरीर में फैलने लगते हैं।

डॉ. अर्जुन का कहना है कि शरीर में कैंसर के जो एक्टिव सेल हैं उन्हें खत्म करने के लिए समय पर इलाज जरूरी है। प्रथम और सेकेंड स्टेज में कैंसर को 90 या 100 प्रतिशत तक ठीक किया जा सकता है, लेकिन यदि थर्ड और फोर्थ स्टेज में कैंसर पहुंच गया तो रोगी को ठीक होने में काफी समय लग सकता है। कैंसर विशेषज्ञ का कहना है कि 90 प्रतिशत कैंसर का लाइफ स्टाइल से संबंध है। हैबिट्स, तंबाकू व बीड़ी से कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है। मुंह का कैंसर कॉमन है। ज्यादातर लोगों में तंबाकू ही कैंसर की वजह बनता है। यूपी में इसका प्रभाव सबसे ज्यादा है।

दूसरी वजह स्मोकिंग में बीड़ी व सिगरेट है। आजकल इसका प्रचलन ज्यादा है, इससे मुंह का कैंसर, गले का कैंसर, बड़ी आंत का कैंसर, बच्चेदानी में कैंसर, खाने की नली का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना ज्यादा रहती है। तीसरा कारण डाइट है, हम लोगों को शुद्ध खाना खाने को नहीं मिल पाता है, पेस्टीसाइड, रसायन युक्त चीजें ज्यादा हैं। बोतल बंद पानी के दौरान माइक्रो प्लास्टिक हमारे अंदर चले जाते हैं, पर्यावरण प्रदूषण भी कैंसर का कारण बनता है। चौथा मोटापा है लेकिन एक्सरसाइज से कुछ अच्छे हार्मोंस जन्म लेते हैं, जो कैंसर सेल को पनपने से रोकते हैं।

### कैंसर के इलाज में 100 साल में काफी कुछ हुआ बदलाव

कैंसर के इलाज पर फोकस करते हुए डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि अब कैंसर को आधुनिक इलाज से मात दी जा रही है। कैंसर के इलाज में 100 साल में काफी कुछ बदलाव हुआ है। पहले के समय में एक मेजर सर्जरी होती थी, अब रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी आने के बाद कैंसर को हराना और आसान हो गया है। इम्यूनोथेरेपी भी इसमें शामिल है। यह ऐसा ट्रीटमेंट है, शरीर के जिस हिस्से में कैंसर पनपता है, उसी हिस्से की निगरानी कर वहीं पर कैंसर के सेल्स को खत्म करने का प्रयास किया जाता है। इम्यूनोथेरेपी आधुनिक कैंसर उपचार है, जो शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्मून सिस्टम) को कैंसर कोशिकाओं की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने के लिए सशक्त बनाता है।

### ये हैं कैंसर के लक्षण

डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि कैंसर होने के कई लक्षण हैं। पहला लक्षण वेट लॉस है। किसी पुरुष या महिला में छह से 12 महीने में पांच प्रतिशत या उससे अधिक वेट लॉस होता है तो यह कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। दूसरा लक्षण लगातार थकान होना है। तीसरा लक्षण मुंह, नाक, थूक, बच्चेदानी, लैट्रिंग के रास्ते खून आना है। चौथा लक्षण पीलिया और पांचवां लक्षण शरीर में किसी भी जगह पानी एकत्र होना है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## सिटी ब्रीफ

### अधिवक्ता के कार्यालय में घुसकर धमकाया

**कल्याणपुर।** पनकी के इस्पात नगर पार्ट दो निवासी विजय प्रताप सिंह पेशे से अधिवक्ता है। विजय के मुताबिक गत 31 जनवरी की रात जमुई गांव निवासी अंकित तिवारी उनके कार्यालय पहुंचा, जहां उसने कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करते हए मारपीट की। घटना के समय वह कार्यालय में मौजूद नहीं थे। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### दिव्यांगजन ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

**कानपुर।** दिव्यांगजनों को आत्म निर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा ऋण व अनुदान देने की योजना बनाई गई है, ऐसी योजना का लाभ लेने के लिए दिव्यांगजन ऑनलाइन आवेदन शुरू किया है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विनय उत्तम ने बताया कि दुकान निर्माण योजना के अंतर्गत ऐसे दिव्यांगजन आवेदन कर सकते हैं, जिनके नाम से कम से कम 110 वर्ग फीट की स्वयं की भूमि उपलब्ध हो और जहां दुकान का निर्माण संभव हो। योजना के तहत कुल 20 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी, जिसमें 15 हजार रुपये चार प्रतिशत साधारण ब्याज पर ऋण और 5 हजार रुपये अनुदान के रूप में शामिल हैं। यह धनराशि दो किश्तों में दी जाएगी। इच्छुक दिव्यांगजन विभाग की वेबसाइट divyangjandukan.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

### जमानत सत्यापन के नाम पर रुपये मांगने का आरोप

**कल्याणपुर।** पनकी में तैनात दरोगा पर एक युवक ने जमानत सत्यापन के नाम पर रुपये मांगने का आरोप लगा एडीसीपी वेस्ट से शिकायत की है। सुंदरनगर निवासी निशांत सिंह के अनुसार कुछ समय पहले उनके विरुद्ध एक मुकदमा दर्ज हुआ था। गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने न्यायालय में अपील की थी। बीती आठ जनवरी को न्यायालय ने जमानतगीर पवन कुमार शर्मा व सौरभ सिंह राठौड़ के अभिलेख जमा कराकर उन्हें अग्रिम जमानत दे दी। न्यायालय से अभिलेख सत्यापन के लिए थाना पनकी भेजे गए। आरोप है कि पनकी मंदिर चौकी में तैनात एक दारोगा ने पहले जमानती के घर जाकर सत्यापन के बाद अवैध धनराशि की मांग की। इसके बाद दूसरे जमानती को चौकी बुलाया। वह भी जमानती के साथ में चौकी पहुंचे, जहां सत्यापन के नाम पर उनसे भी धनराशि मांगी गई।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष का नाम ही मतदाता सूची से नदारद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने किया बीएलओ से संपर्क
- उनकी माता जी का नाम भी मतदाता सूची में नहीं है

**अमृत विचार।** कानपुर नगर ग्रामीण जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला का नाम भी एसआईआर के बाद मतदाता सूची से नदारद हो गया है। जिलाध्यक्ष को जब इसकी जानकारी हुई तो मंगलवार को उन्होंने बीएलओ से संपर्क साधा। जिलाध्यक्ष अपना और अपनी माता जी का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए परेशान रहे।

हरजेंद्र नगर मकान नंबर 342 निवासी जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने बताया कि मंगलवार को जब उन्होंने इस संबंध में जानकारी ली तो पता चला कि उनका और उनके माता का नाम की मैपिंग नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि उन्हें हरजिंदर नगर कालेज में बूथ पर आने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल की मार्कशीट व फोटो आदि अन्य प्रमाण दे आए हैं।

कानपुर नगर ग्रामीण जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने बताया कि सैकड़ों लोग अपना नाम जुड़वाने के लिए हरजेंदर नगर कालेज में परेशान घूम रहे हैं। किसी का नाम जुड़ने में कुछ कमी है तो किसी के नाम में कुछ दिक्कत है। उनका आरोप है कि इस प्रकार हजारों लोगों के नाम में कुछ अड़ंगा लगाया है जो अपना नाम मतदाता सूची में अंकित कराने के लिए परेशान हैं।

# सुबह छाया अंधेरा, घुमड़कर बरसे काले बदरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में मंगलवार सुबह हल्के कोहरे के बाद आसमान पर छाए बादलों के बीच अचानक मौसम बदल गया। तेज हवाओं के साथ उमड़ते-घुमड़ते आए घने बादलों के कारण नौ बजे के आसपास अंधेरा छा गया और बारिश शुरू हो गई। जिससे सड़कों पर वाहन सवारों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। मौसम के इस बदले रुख ने ठंड और गलन का एहसास बढ़ा दिया। करीब आधा घंटा से ज्यादा समय हुई बारिश ने पूरे शहर को सराबोर कर दिया। इसके चलते सड़कों पर सन्नाटा पसर गया और जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कल्याणपुर से लेकर जाजमऊ तक तेज हवाओं के साथ बारिश दर्ज की गई। मौसम के इस अचानक बदलाव के कारण दफ्तर जाने के लिए निकले लोगों और स्कूली बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



सुबह 9 बजे वाहनों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। अमृत विचार

- तेज हवाओं के साथ आधे घंटे की बारिश ने किया पूरे शहर को सराबोर
- वाहन सवारों को हेडलाइट जलानी पड़ी, सड़कों पर छा गया सन्नाटा

**टूटी सड़कों पर चलना दुश्वार खोदाई से नारकीय हालात:** सुबह हुई बारिश से ब्रह्म नगर, ईदगाह, काकादेव, बाबूपुरवा कालोनी, रावतपुर समेत करीब एक दर्जन इलाकों में सड़क किनारे फुटपाथ पर जलभराव और कीचड़ हो गया। टूटी सड़कों के गड्ढों में पानी भर गया। सड़कें खुदी होने के कारण कई दो पहिया सवार रपटकर गिर गए।

### गेहूं, सरसों और मटर की फसल को पहुंचा नुकसान

- मौसम के बदले रुख ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दीं। इस समय खेतों में गेहूं की फसल तैयार हो रही है और सरसों की कटाई का समय है। ऐसे में तेज आंधी के साथ हुई बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि ने फसलों को नुकसान पहुंचाया। मटर की फसल खराब हो गई। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि मौसम को देखते हुए सिंचाई करना रोक दें और कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थानों पर रखें।

# टैरिफ की बेड़ियां टूटीं, 1500 करोड़ रुपये के निर्यात को मिली संजीवनी

## लेदर, टेक्सटाइल, हैंडीक्राफ्ट में लौटी रौनक, चमकेगा 'मेड इन इंडिया' सितारा

गुड न्यूज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिकी टैरिफ जो बीते वर्ष 2025 में बढ़कर 50 फीसदी तक हो गया था, के घटकर 18 फीसदी होने से शहर के चमड़ा, टेक्सटाइल और हैंडीक्राफ्ट उद्योग को बड़ी राहत मिली है। इससे शहर से अमेरिका को होने वाले लगभग 1,500 करोड़ के रुके हुए निर्यात में तेजी, कारोबारियों के प्राफिट मार्जिन में सुधार और रुके हुए ऑर्डर जल्दी ही फिर से शुरू होने की उम्मीद बलवती हो गई है। इस बीच बदली परिस्थितियों में यूरोपीय यूनियन समेत कुछ अन्य देशों के साथ हुए ट्रेड करार के चलते पिछले साल के मुकाबले इस साल शहर से निर्यात में 60 फीसदी से ज्यादा वृद्धि का अनुमान लगाया जा रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ से शहर के उद्योग जगत को काफी नुकसान उठाना पड़ा था। निर्यातकों का तैयार माल गोदामों में फंस गया था। तमाम बड़े ऑर्डर रद्द कर दिए गए थे। सप्लाई चेन टूट गई थी, उत्पादन पाइप लाइन में फंस गया था। लेकिन अब टैरिफ घटकर 18 फीसदी होने से चमड़ा और वस्त्र उद्योग के साथ हैंडीक्राफ्ट क्षेत्र में मांग फिर तेजी से बढ़ेगी। न केवल पुराने ऑर्डर वापस आएंगे, बल्कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील फाइनल होने पर ऑर्डरों की संख्या भी तेजी से बढ़ेगी। अमेरिकी बाजार में मेड इन इंडिया उत्पादों की धमक और प्रतिस्पर्धा बढ़ जाएगी।



- कारोबार में मंदी के बादल छंटे, अब अमेरिका के साथ यूरोपीय देशों से ऑर्डर में भारी उछाल की उम्मीद

**10** हजार करोड़ का शहर से है कुल निर्यात

**65** सौ करोड़ का लेदर सेक्टर से होता निर्यात

**25** सौ करोड़ से ज्यादा का अमेरिका को निर्यात

**1,500** करोड़ रुपये के अटके ऑर्डर पटरी पर आएंगे।

**80%** लेदर का कारोबार हुआ था प्रभावित

**60%** इस साल निर्यात में आ सकती उछाल

"अमेरिका द्वारा टैरिफ घटाने का निर्णय बहुत ही सराहनीय है। इससे निर्यातकों को लाभ होगा। अमेरिका बहुत बड़ा बाजार है। हमारे यहां से बड़े पैमाने पर चर्म उत्पाद और अन्य उत्पादों का निर्यात होता है। एफटीए भी जल्द हो जाए तो अच्छा रहेगा।

– सुनील वैश्य, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आईआईए"

"यूरोपियन यूनियन से हुए एफटीए के बाद अमेरिका को लगा कि अब उसकी मनमानी नहीं चलने वाली है। इसलिए तत्काल 50 फीसद टैरिफ को घटाकर 18 फीसद कर दिया गया। यह फैसला बहुत ही अच्छा है। भारतीय निर्यातकों को अब इसका लाभ मिलने लगेगा।

– अतुल सेठ, वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष पीआईए"

"अमेरिका की ओर से मिली टैरिफ छूट निर्यातकों के लिए संजीवनी साबित होगी। फिलहाल यह खबर आते ही सबसे पहले रुके हुए ऑर्डर पर दोबारा काम शुरू हो गया है। उम्मीद की जा रही है की बीते छह माह से टूटी अमेरिका की मार्केट को शहर के निर्यातक जल्द कवर कर लेंगे।

– आलोक श्रीवास्तव, सहायक निदेशक, फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन।"

**बंदी जैसी हालत से जूझ रही टेनरियों और फैक्ट्रियों में जल्द लौटेगी बहार :** साल 2025 में टैरिफ के कारण टेनरियों और लेदर उत्पाद बनाने वाली इकाईयों में उत्पादन काफी कम हो गया था। कहीं मजदूरों और कारीगरों की छंटनी करनी पड़ी थी, तो कही हफ्ते में सिर्फ चार-पांच दिन ही काम लिया जा रहा था। अब आर्डर रिलीज होने, नए आर्डर फाइनल होने से हालात सुधरने से रोजगार के अवसर फिर से बढ़ेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि अमेरिकी खरीदार जल्दी ही नए ऑर्डर देंगे, जिससे बंदी की हालत में पड़ी या आधी क्षमता पर चल रही टेनरियां और लेदर प्रोडक्ट फैक्ट्रियां फिर से पूरी क्षमता से काम कर सकेंगी। करीब दो लाख कारीगरों और श्रमिकों की नौकरियों पर जो खतरा मंडरा रहा था, वह टल जाएगा।

## आज और कल सोटे बाबा मंदिर से रूट डायवर्जन

**कानपुर।** शहर में चल रहे सीएम ग्रिड योजना के तहत सोटे बाबा मंदिर से दीप तिराहा तक सड़क चौड़ीकरण के लिए ट्रैफिक पुलिस ने 4 और 5 फरवरी को रूट डायवर्जन किया है।

नगर निगम के जोन तीन में किदवई नगर स्थित संजय वन के पास सोटे बाबा मंदिर से दीप तिराहा तक वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। वाहनों की रोकथाम के लिए डायवर्जन पिकेट पर ट्रैफिक पुलिस की पिकेट मौजूद रहेगी।

- दीप तिराहा से गौशाला चौराहा की ओर जाने वाले वाहन किदवई थाना चौराहा से दाहिने या वायें मुड़कर अपने गंतव्य को जाएंगे।
- सोटे बाबा मंदिर की ओर से आने वाले वाहन दीप तिराहा की ओर नहीं जाएंगे बल्कि गौशाला से ही दाहिने मुड़कर बारादेवी या फिर गौशाला से होकर अपने गंतव्य को जाएंगे।

## चार दिन बाद फिर भाव चढ़े सोने और चांदी के

विशेष संवाददाता, कानपुर



- 24 घंटे में पीली धातु के दाम कोई नौ हजार और सफेद धातु के 32 हजार रुपये बढ़ गए

**अमृत विचार।** चार दिन से बेहद तेज गति से नीचे जा रहे सोने और चांदी के भाव ने फिर एक बार ऊंची छलांग लगाई। मंगलवार को कानपुर सराफा बाजार में सोना 1,59,500 का 10 ग्राम और चांदी 2,82,500 रुपये किलो रही।

चार दिन पहले 29 जनवरी को सोना 1,82,000 और चांदी 3,50,000 रुपये पर पहुंच गई थी, जो भाव की ऊंचाई का बिल्कुल नया रिकार्ड था। इसके पीछे ट्रेड वॉर, टैरिफ अनिश्चितता और सटोरियों का खेल बताया जा रहा था। इसके बाद दाम तेजी से गिरने लगे। बीते सोमवार को सोना 1,50,500 और चांदी 2,50,000 पर आ गई जो भाव की ऐतिहासिक गिरावट थी। निवेशकों को तगड़ा नुकसान हुआ। आम बजट भारत पर अमेरिकी टैरिफ घट कर 18% होने के बाद सराफा बाजार भी कुछ संभला।

अब मंगलवार को सोने और चांदी के भाव फिर तेजी से बढ़े। सोने में 9,500 और चांदी के भाव में 32,500 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। भाव में चढ़ाव जारी है। काशी ज्वेलर्स के निदेशक श्रेयांश कपूर का कहना है कि भाव के उतार-चढ़ाव के इस नाजुक दौर में निवेशकों को सतर्क रहने और धैर्य रखने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के मंत्री राम किशोर मिश्र का कहना है कि बड़े देशों के बीच तनातनी का असर इन धातुओं के भाव पर पड़ रहा है ।

# डीआईओएस कार्यालय में हंगामा डीएम आफिस में भी की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार को डीआईओएस कार्यालय में जमकर हंगामा हुआ। वहां इंसाफ नहीं मिलते देख कर्मचारी जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गये और वहां भी नारेबाजी की और डीआईओएस पर अभद्रता, गाली गलौज का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा। कर्मियों ने काम रोका।

डीआईओएस कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक जितेंद्र कुमार का आरोप है कि मंगलवार को दोपहर में जब वह पत्रावली लेकर डीआईओएस के कक्ष में गए तो डीआईओएस संतोष राय ने उनसे गाली गलौज की व जाति सूचक शब्द का प्रयोग भी किया।




डीआईओएस आफिस में हंगामा करते कर्मचारी। अमृत विचार


घटना की जानकारी मिलते ही कर्मचारियों ने डीआईओएस कार्यालय में नारेबाजी व प्रदर्शन शुरु कर दिया। फिर सभी कर्मचारी डीएम ऑफिस गए। डीएम को संबोधित शिकायती पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इस संबंध में यूपी एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के मंडलीय अध्यक्ष ललितेश तिवारी का आरोप है कि डीआईओएस इससे पहले भी इस तरह के कृत्य कर चुके हैं। विरोध करने वालों में शंकर लाल, संतोष तिवारी, नरेंद्र कटियार, ममता सोनकर, रजनीश प्रकाश श्रीवास्तव, सत्यवीर सचान, रंजीत सिंह आदि थे। उधर डीआईओएस संतोष राय ने आरोपों से इंकार किया है।

नई पहल | आयकर की नजर से कर बोझ से राहत की जगह निराशा मिली

# टीडीएस एवं टीसीएस की दरों में सकारात्मक परिवर्तन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आयकर की दृष्टि से नौकरीपेशा, कारोबारी एवं मध्यम वर्ग के आयकरदाताओं को कर बोझ से राहत की जगह बजट में निराशा हाथ लगी है। आयकर की करमुक्ति धनराशि सीमा, टैक्स की स्लैब दरें पूर्व की भांति यथावत लागू रहेंगी। अगले वित्तीय वर्ष में ओल्ड टैक्स रिजीम एवं नई टैक्स रिजीम दोनों ही लागू रहेंगी। करदाता को विकल्प चुनने की छूट मिली है।




गोष्ठी को संबोधित करते टैक्स विशेषज्ञ संतोष कुमार गुप्ता। अमृत विचार

जेल की सजाओं से मुक्ति एवं उसकी अवधि कम की गयी है। इसके स्थान पर अर्थदण्ड एवं लेट फीस के रूप में अब धनराशि वसूली जाएगी। टीडीएस एवं टीसीएस की दरों में सकारात्मक परिवर्तन किये गये हैं। आयकर रिटर्न दाखिला उवं दाखिल रिटर्न में किये गये संशोधन अब वित्तीय वर्ष की समाप्ति से अगले वित्तीय वर्ष की 31 दिसम्बर से बढ़ाकर 31 मार्च तक कर दिया गया है। दिसम्बर के बाद मार्च तक दाखिले में अतिरिक्त लेट फीस भी आरोपित की जा सकती है। कम्पनियों के मैट में भी नियम व शर्तों के तहत राहत प्रदान की गयी है। अघोषित विदेशी सम्पत्ति एवं आमदनी को घोषित करने के मामले में छह माह की एक योजना सरकार द्वारा घोषित की जाएगी। अब विदेश में पढ़ाई व इलाज हेतु पैसा भेजना सस्ता होगा। विदेश यात्रा भी सस्ती होगी। इसके लिए पांच फीसदी के स्थान पर दो फीसदी टीसीएस काटा जाएगा। नये आयकर अधिनियम 2025 एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगा। नई आयकर नियमावली अभी अधिसूचित नहीं की गयी है। शीघ्र ही की जाएगी। यह जानकारी टैक्स बार एसोसिएशन लखनपुर द्वारा आयोजित टैक्स गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कर विशेषज्ञ एडवोकेट सन्तोष कुमार गुप्ता ने दी।

जीएसटी पर चर्चा में गोष्ठी में बताया गया कि निर्माता व्यापारियों को इन्वर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर का प्रॉविजनल रिफण्ड अब सात दिन के अन्दर नब्बे फीसदी धनराशि प्राप्त हो जाएगी। शेष जांच-पड़ताल के बाद दस फीसदी राशि भी जारी कर दी जाएगी। एक हजार से कम धनराशि निर्यातक व्यापारियों को अब अनुमन्य की जा रही है। कार्यशील पूंजी ब्लॉक नहीं होगी। निर्माताओं को तुरन्त धनराशि मिल सकेगी। जीएसटी की एडवान्स रूलिंग अथॉरिटी के तहत राज्य की पीठों द्वारा पारित आदेशों के विरूद्ध राष्ट्रीय अपील प्राधिकरण में अपील नहीं हो पा रही है।

### करों के बोझ से प्रभावित होगा पान मसाला और तंबाकू कारोबार

- पान मसाला एवं तम्बाकू व्यवसाय में जीएसटी, एडीशनल एक्साइज ड्यूटी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर का बहुत अधिक बोझ एक फरवरी से कारोबारियों पर डाला गया है। इससे यह वस्तुएं अब काफी महंगी हो जाएंगी। यह कारोबार प्रभावित होगा। गोष्ठी में अधिवक्ताओं द्वारा उठायी गयी शंकाओं का समाधान किया गया। अध्यक्षता हरिओम गुप्ता तथा संचालन महामन्त्री पंकज श्रीवास्तव ने किया। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसएस निगम अशोक अग्रवाल, एस0एस0 निगम, राजेश कुरील, प्रमोद द्विवेदी, रत्नेश बेबरवाल, अवधेश श्रीवास्वत, सीलेश शुक्ला, विनोद द्विवेदी रहे।


डा. आनन्द प्रकाश सचान
M.B.B.S., M.D.
HARI VEDA CANCER CLINIC
भूतपूर्व चिकित्सक, बत्रा हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली
मुख्यमंत्री राहतकोश द्वारा 5 लाख तक की मुफ्त इलाज की सुविधा
आयुष्मान, पंडित दीनदयाल कार्ड एवं समस्त टीपीए द्वारा मुफ्त इलाज
हरिवेदा कैंसर क्लीनिक
रामसनेही मेमोरियल हॉस्पिटल जी.टी. रोड, फतेहपुर
मिक्की हाउस के पास, किडजी स्कूल, के-ब्लॉक, किदवई नगर, कानपुर
: dr/AnandPrakashSachan
: dranandprakshsachan
: dr.anandprakashsachan
9807546262
7376004444
E-mail: anandsachan1978@gmail.com

# बेरहमी से पीटकर पत्नी की गला दबाकर हत्या की थी, पति फरार

## पनकी स्थित रामगंगा एन्क्लेव फ्लैट में मृत मिली थी, 10 से अधिक चोटें, विसरा सुरक्षित



पोस्टमार्टम पर मौजूद दीपिका के परिजन। अमृत विचार



एक दूसरे से लिपटकर रोतीं मां व बुआ। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** तीन डॉक्टरों के पैनल से मंगलवार 26 वर्षीय दीपिका सैनी का पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की बात सामने आई। उसके शरीर पर पिटाई के 10 से अधिक निशान मिले व विसरा सुरक्षित किया गया। मां चित्रा ने आरोप लगाया था कि पति सौरभ उर्फ शोएब ने बेटी की गला दबाकर हत्या की। उसने फेसबुक व इंस्टाग्राम से बेटी को चंगुल में फंसाया था। शोएब पहले से तीन शादियां कर चुका था। नशेबाजी में वह बेरहमी से पीटता था, जिससे तीनों उसे छोड़ गईं थीं।

पनकी स्थित रामगंगा एन्क्लेव के 54/9 फ्लैट में फर्श पर दीपिका सैनी का शव मिला मिला था। पनकी के कांशीराम कालोनी निवासी मां चित्रा व बर्रा की रहने वाली बुआ पुष्पा ने बताया कि हत्या के बाद सौरभ अपना व दीपिका का मोबाइल तोड़कर भागा था।

कहा कि दीपिका से शादी से पहले सौरभ की पत्नी नूरी थी। उसकी तीन बेटियां हैं। नूरी को वह बेल्ट से पीटता था। इसलिए वह बेटियों के लेकर चली गई। उसके बाद उसने फेसबुक व इंस्टाग्राम से बेटी दीपिका को फंसाया। दीपिका की पहली शादी खालिद से हुई थी। उसकी मुंबई में सड़क हादसे में जान गई। उसके दो बच्चे रुद्र व अनिरुद्ध हैं। बच्चों की परवरिश के लिए दीपिका दादानगर स्थित फैक्ट्री में काम करती थी। मां ने बताया कि 2025 अक्टूबर में चैटिंग से दोनों करीब आए। जब उन्होंने बेटी से शादी के लिए मना किया तो सौरभ ने कहा कि वह दोनों बच्चों को अपनी संतान की तरह रखेगा। दोनों ने शादी कर ली। दीपिका का बड़ा बेटा अनिरुद्ध ने उनके साथ रहने को मना कर दिया था। वह ननिहाल में रहने लगा था। मां ने बताया कि सोमवार को दीपिका के पिता प्रदीप कुमार उसके फ्लैट गए तो रुद्र को रोते पाया। सौरभ बाहर दुकान पर बैठा था। सौरभ ने उन्हें फोन पर बताया था कि दीपिका सांस नहीं ले रही है। आप जल्दी आओ। उन्होंने बेटी को जल्द अस्पताल ले जाने को कहा। इसके बाद वह जब पहुंची तो सौरभ फरार था।

उन्होंने बड़े बेटे कुलदीप को स्कूटी दिलाई थी तो सौरभ भी बाइक दिलाने का दबाव बना रहा था। आएदिन बेटी से पैसों की मांग करता। पनकी थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

### जरा-जरा सी बात पर पीटता था

- दीपिका की बुआ ने कहा कि सौरभ जरा-जरा सी बात पर मारपीट पर उतारु हो जाता था। वह पहले भी तीनों पत्नियां को निर्वस्त्र कर बेल्ट से पीटता। उसकी पिटाई के कारण ही उसकी तीन पत्नियां छोड़कर चली गईं थी। फिर उसने दीपिका से चौथी शादी की थी। पनकी पुलिस ने मां चित्रा की तहरीर पर शोएब उर्फ सौरभ के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# 160 करोड़ की सरकारी जमीन में फर्जीवाड़ा

**कानपुर।** भूमाफियाओं की सरकारी संपत्तियों पर किस कदर नजरें गड़ी रहती हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मकसूदाबाद में 110 बीघा ऊसर भूमि जिसकी कीमत 160 करोड़ रुपये आंकी गई है, इस सरकारी जमीन को कुछ लोगों ने अपनी निजी संपत्ति घोषित कर दी है। एसडीएम सदर कोर्ट ने सभी दावों को खारिज कर दिया है और अब ये सरकारी भूमि ही रहेगी। इस खेल में सरकारी कितने कर्मचारी शामिल हैं, उनका भी पता लगाया जा रहा है ताकि उनपर कार्रवाई की जा सके।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए इस फर्जीवाड़ा में शामिल कर्मियों (चाहे वह सेवानिवृत्त हो चुके हैं) की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एसडीएम सदर की कोर्ट ने सभी फर्जी दावों को खारिज करते हुए जमीन को पुनः सरकारी खाते में दर्ज करने के आदेश दिये हैं। जिलाधिकारी ने जब खसरा, खतौनी और नामांतरण रजिस्टरों की जांच कराई तो ये तथ्य सामने आया कि जिन पट्टों का हवाला दिया गया, वे कभी विधिवत दर्ज ही नहीं थे। बाद में सरकारी रिकार्ड में की गई हेराफेरी के जरिए सरकारी भूमि को हड़पने का प्रयास किया गया। इस संबंध में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह का कहना है मकसूदाबाद में सरकारी भूमि खरीदने वाले बाबुओं और कर्मियों की रिपोर्ट एसडीएम सदर से मांगी गई है, रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कार्रवाई होगी।

# सड़क किनारे मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददात, कानपुर

- परिजनों ने कहा, कोई ऑटो वाला छोड़कर भाग गया था, उसी ने उठाया फोन

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा में मंगलवार सुबह मजदूर का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। खबर पाकर पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। युवक मजदूरी के लिए निकला था। वापस न लौटने पर परिजनों ने कॉल किया तो किसी अन्य ने उठाया। वहीं चौराहा के पास छोड़ गया था। रातभर तलाश के बाद मंगलवार सुबह शव मिला। सूचना पर पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

घाटमपुर के रामपुर निवासी 40 वर्षीय मोहरअली उर्फ भूरा मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी रहीशन, एक बेटी व दो बेटे हैं। परिजनों ने बताया कि भूरा सोमवार सुबह काम की तलाश में निकला था। वह नौबस्ता के चतुर्वेदी बिल्डिंग के पास मजदूर मंडी में खड़ा होता था। देर शाम तक जब घर नहीं आया तो परिजनों को चिंता हुई। इस पर उसकी पत्नी ने उसे कॉल किया। किसी अन्य ने उसका मोबाइल उठाया और कहा कि उजियारी चौराहा के पास छोड़ दिया है। परिजन वहां पहुंचे, लेकिन उनके बारे में कुछ पता नहीं चला। घरवाले पूरी रात उसे तलाशते रहे। मंगलवार सुबह पुलिस ने न्यूरी फार्म के पास सड़क किनारे शव मिलने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या कर शव सड़क किनारे फेंकने का आरोप लगाया। पुलिस ने जांच की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। घरवालों के अनुसार पता चला कि कोई ऑटो से उसे छोड़ गया था। उस समय उसकी सांसे चल रही थीं। फोन पर बातचीत करने वाले गलत पता बताया, अगर अस्पताल ले जाते तो बचा सकते थे। उसके पैर में पट्टी बंधी थी और सीने पर चोट के निशान थे। आशंका जताई की कहीं काम के दौरान उसके साथ घटना हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह स्पष्ट होगी।

## ट्रकों की भिड़ंत में केबिन में फंसा चालक

**कानपुर।** जाजमऊ में फ्लाईओवर पर मंगलवार तड़के दो ट्रकों में भिड़ंत हो गई। ट्रक में पीछे से दूसरा ट्रक घुसने से केबिन क्षतिग्रस्त हो गया। चालक व परिचालक केबिन में फंस गए। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने केबिन काटकर दोनों को बाहर निकला और कांशीराम में भर्ती कराया गया। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर पुलिस ने यातायात सुचारु कराया।

घाटमपुर निवासी चालक कमलेश कुमार व परिचालक मंचू ने मंगलवार तड़के दाल लादकर लखनऊ जा रहे थे। चालक ने बताया कि जाजमऊ जेके कालोनी के पास फ्लाईओवर पर ट्रक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे मौरंग लदे ट्रक में घुस गया। ट्रक का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया और चालक व परिचालक अंदर ही फंस गए। फ्लाईओवर पर जाम लग गया। पुलिस व दकमल कर्मियों ने जाम हटवाया।

## सिटी ब्रीफ

### यूट्यूबर के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**कानपुर।** बाबूपुरवा कालोनी निवासी यूट्यूबर मेघना सिंह के अनुसार झारखंड के रांची निवासी यूट्यूबर रुचिका सिंह और उसका सहयोगी प्रशांत पाठक उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। आरोप है कि रुचिका व प्रशांत अपने यूट्यूब चैनल व अन्य डिजिटल माध्यमों से उन पर चैनल बंद करने के लिए भी दबाव बनाया। अभद्र टिप्पणी करते हैं। जिसकी कॉल रिकार्डिंग, आडियो-वीडियो, चैट और स्क्रीनशाट उनके पास हैं। पीड़िता का आरोप है कि 19 जनवरी को उन्होंने आइजीआरएस पर शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने बिना उनका पक्ष जाने शिकायत को निरस्त कर दिया। इसके बाद उसने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### फ्रेंचाइजी देने के नाम पर हड़पी रकम

**कल्याणपुर।** पनकी रतनपुर कालोनी निवासी मनी त्रिपाठी के अनुसार सहारनपुर के अभिनव गुप्ता से उनकी मुलाकात दिल्ली में हुई थी। अभिनव ने डीटीएच नेटवर्क की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर उससे विभिन्न खातों में सात लाख की रकम ट्रांसफर कराई। जिसके बाद आरोपी ने उनका फोन ही उठाना बंद कर दिया। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

### पिता की डांट से क्षुब्ध युवती घर से भागी बरामद

**कानपुर** : जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि मंगलवार को प्लेटफार्म 10 पर एक युवती को वाराणसी में उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि पिता की डांट से क्षुब्ध युवती घर से भाग खड़ी हुई थी।

### ढाई सौ रुपये प्रति क्विंटल रिश्वत मांगने का आरोप

**कानपुर।** हनुमंत विहार स्थित गल्ला मंडी के राजकीय धान क्रय केंद्रों पर अव्यवस्था से नाराज़ किसानों ने हंगामा किया। किसानों का आरोप है कि केंद्र तय समय के बावजूद अक्सर बंद मिलता है और धान खरीद की स्पष्ट तारीख नहीं दी जाती, जिससे उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। चोरी चुपके टोकन व माल खरीदने बात कही। विवेक तिवारी का आरोप है कि बिना पैसे तौल नहीं हो रही और ढाईसौ रुपए प्रति कुंतल तक अवैध वसूली की जा रही है। सिद्धार्थ एस. त्रिपाठी ने बताया कि उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली कई दिनों से खड़ी है और बारिश से धान भीग गया। दिव्यांग किसान जगत बहादुर ने भी लेखपाल सत्यापन के बाद खरीद लंबित होने की बात डिप्टी आरएमओ अजय विक्रम का कहना है कि मौके का निरीक्षण कर समस्या का समाधान कराएंगे।

### फर्जी कंपनी बना निवेशकों से हड़पी रकम

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर निवासी सुभाष चंद्र दुबे के अनुसार वह निखिल इंडिया इन्वेस्टर्स सर्विसेज लिमिटेड में बतौर एजेंट काम करते थे। इस दौरान उन्होंने कई निवेशकों के रुपये फर्म की अलग-अलग स्कीमों में जमा कराए थे। आरोप है कि निवेश की अवधि पूरी हो जाने पर जब सुभाष ने फर्म संचालक जूही कला दामोदरनगर निवासी राजेश पांडे, विजयलक्ष्मी, सीसामऊ निवासी रामशुभ मिश्रा व आवास विकास तीन निवासी विशंभर नाथ उपाध्याय से निवेशकों का भुगतान करने के लिए कहा तो संचालकों ने टालमटोल की। भुगतान के लिए दबाव पड़ने पर जब वह कल्याणपुर पहुंचे तो संचालक उसे भी बंद कर फरार हो गए।

# 29 जगह स्मार्ट पार्किंग बनाने के लिए नगर निगम ने मांगे टेंडर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम ने स्मार्ट पार्किंग के संचालन के लिए टेंडर मांगे हैं। इसी माह कंपनी का चयन हो जाएगा और फिर पार्किंग के विकास की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। फिलहाल 29 जगहों पर पार्किंग का संचालन किया जाएगा। पहले 35 जगहों पर पार्किंग के लिए योजना तैयार की गई थी और स्थल का चयन किया गया था। दो जगहों पर पूर्व से ही पार्किंग संचालित हो रही है।

शहर में वाहनों की पार्किंग की समस्या बहुत ही बड़ी है। सड़कों किनारे और डिवाइडर किनारे वाहनों को पार्क किए जाने से जाम लगता है। मेस्टन रोड, नई सड़क, स्वरूप नगर, पी रोड, गुमटी, दर्शनपुरवा, गोविंद नगर, लालबंगला, चकेरी, कल्याणपुर आदि जगहों पर जाम बड़ी समस्या है। इस समस्या के समाधन के लिए ही स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्मार्ट पार्किंग की स्थापना की जानी है। 35 जगहों पर स्थल का चयन किया गया था लेकिन छह जगहों पर मामला कानूनी पचड़े में फंस गया है। ऐसे में फिलहाल 29 जगहों पर पार्किंग स्थापित हो गई है। स्थल का चयन हो गया है और नगर निगम ने टेंडर भी मांग लिए हैं। पार्किंग का संचालन हर हाल में माह के अंत तक शुरू हो जाएगा। इसकी पुष्टि अपर नगर आयुक्त मो. आवेश ने की है। इसके बाद न तो फुटपाथ पर वाहन खड़ा करने की मजबूरी होगी और न ही दुकानदारों और वाहन चालकों के बीच इस बात को लेकर कहासुनी होगी। दोपहिया वाहन के लिए न्यूनतम शुल्क सात रुपये प्रति घंटा होगा तो चार पहिया वाहन के लिए 15 रुपये प्रति घंटा की दर निर्धारित की गई है। 24 घंटे दो पहिया खड़ा करने 57 रुपये तो चार पहिया वाहन के लिए 120 देने होंगे।



कचहरी के पास वाहनों की अराजकता। अमृत विचार

### यहां बनेंगी पार्किंग

- चैंबर ऑफ कमोडिटीज, भार्गव हॉस्पिटल, दूध मंडी, कल्पना प्लाजा
- मेगा मॉल, सागर मार्केट, आभा नर्सिंग होम, चौधरी मैरिज लॉन ई-ब्लॉक, सुघर सिंह स्कूल ई-ब्लॉक के सामने, केटीएल के सामने
- परिणय गेस्ट हाउस, मोतीझील परिसर नगर निगम, राजीव वाटिका मोतीझील, कारगिल पार्क मोतीझील, तुलसी उपवन मोतीझील, लाजपत भवन मोतीझील, कानपुर नगर निगम फ्रंट साइड, कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, गैस्ट्रो इंस्टीट्यूट, गैस्ट्रो लीवर हॉस्पिटल स्वरूप नगर,
- मधुराज हॉस्पिटल, नसीमाबाद पार्किंग, आरएसपीएल पार्किंग एरिया
- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, रीजेंसी हॉस्पिटल सर्वोदय नगर, आकाश इंटीट्यूट काकादेव, कानपुर मेडिकल सेंटर, पॉलीवाल मेडीकेयर, रतनदीप हॉस्पिटल काकादेव के पास पार्किंग बनेगी।,

# मुझे सुकून चाहिए, मैं दुनिया से जा रहा हूं...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सब इंस्पेक्टर की तैयारी कर रहे छात्र ने फंदे से लटककर दे दी जान
- कोचिंग के लिए बुलाने पहुंचे दोस्त ने देखा, फॉरेंसिक टीम ने की जांच

**अमृत विचार।** यह मेरा सौभाग्य था पापा कि आपके घर पैदा हुआ। मुझे सुकून चाहिए, मैं जा रहा हूं। राधा तुम मुझे छोड़कर न जातीं, मैं भी तुम्हारे साथ चलता। युवक ने दो पेज के सुसाइड नोट में यह लिखकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक तीन साल से बिठूर में रहकर सब इंस्पेक्टर (एसआई) परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने जांच-पड़ताल की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।



अजीत यादव उर्फ जीतू।

मूलरूप से कानपुर देहात के रसूलाबाद कैंजरी घासी निवादा निवासी फौज से सेवानिवृत्त जयवीर सिंह मौजूदा समय में केसा में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। परिवार में पत्नी मोना, दो बेटे पुष्पेंद्र और 25 वर्षीय अजीत कुमार उर्फ जीतू है। ताऊ रणवीर सिंह नारामऊ में एल्मिको टाऊनशिप के पीछे होरा बांगर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि तीन साल साल से अजीत उनके साथ रहकर एसआई की तैयारी कर रहा था। दिल्ली व यूपी पुलिस में वह सब इंस्पेक्टर की परीक्षा दे चुका था। परिजनों के अनुसार सोमवार सुबह नौ बजे अजीत घर से लौटा था। रात में सोने से पहले मौसेरे भाई अंशू ने उसे कॉल किया था, लेकिन रिसीव नहीं हुई। मंगलवार सुबह कोचिंग जाने के लिए बर्रा विश्व बैंक निवासी उसके दोस्त आदर्श ने फोन किया। जब उसकी भी कॉल रिसीव नहीं हुई तो वह घर पहुंचा। मेनगेट बंद होने पर वह वह घर के पिछले रास्ते से कमरे में पहुंचा तो जीतू का शव फंदे से लटकता देखकर सन्न रह गया। आदर्श के जरिए परिजनों व पुलिस को सूचना मिली। खबर पाकर परिजन पहुंचे। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम भेजा। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस की जांच में अजीत के पास दो पेज का सुसाइड नोट मिला। बिठूर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि छात्र के कमरे में शराब की बोतलें मिलीं। छात्र ने सुसाइड नोट में अपनी महिला मित्र का भी जिक्र किया है। मामले की जांच की जा रही है।

### अजीत ने सुसाइड नोट में लिखा

- पापा-भैया आप बहुत अच्छे हो। आपको देखकर मैं बड़ा हुआ। मैं अपनी बातें किसी को नहीं बता सकता था। जो लिख रहा हूं, वह बगैर नशे के नहीं लिख सकता था, इसलिए शराब पी है। दीदी, चाचा आप सब बहुत अच्छे हैं और मेरे बारे में कुछ जानना हो तो मेरे दोस्त आदर्श, अंशू, दीपक से पूछ लीजिए। मैं अब सुकून चाहता हूं, इसलिए आत्महत्या कर रहा हूं। सुसाइड नोट में लिखा कि राधा तुम मुझे छोड़कर न जातीं, मैं भी तुम्हारे साथ चलता।

## हादसे में मृत मजदूर की हुई शिनाख्त

**कानपुर।** सचेंडी में चकरपुर मंडी के पास हाईवे पर सड़क हादसे में मृत अधेड़ की शिनाख्त सिद्धार्थनगर के पचशेडवा निवासी 50 वर्षीय राम मिलन के रूप में हुई। भाई रघवीर ने बताया कि गांव के कई लोग मंडी में काम करते हैं। उनके माध्मय से हादसे से पता चला। राममिलन करीब 10-12 साल से मंडी में काम करता था। उसकी पत्नी इंद्रावती गांव में ही रहती है।

# झकरकटी बस अड्डा या झील, बसें सड़क पर खड़ीं, लगा भीषण जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा में बारिश का पानी भरने से झील में तब्दील हो गया जिससे सारी बसें खड़ी हो गईं और दिनभर भीषण जाम लगा। हजारों यात्री परेशान रहे और बस अड्डा के अंदर जाने से बजाय सड़क पर ही बस का इंतजार करते रहे। फजलगंज डिपो में भी भारी जलभराव हुआ।

मंगलवार को सुबह आंधी बारिश ने पूरे शहर को बेहाल कर दिया लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी झकरकटी बस अड्डे पर आई। यहां बड़े बड़े गड्ढों में जलभराव हो गया जिससे चालक बसों को अंदर ले जाने की हिम्मत नहीं जुटा सके।झकरकटी बस अड्डा के अंदर जो बसें अड्डे के अंदर आ गईं, उन्हें भारी मुसीबत का सामना उठाना पड़ा क्योंकि बस अड्डा के बाहर निकलने का एक मात्र रास्ता पुल के नीचे से है लेकिन पुल के नीचे से ही रेलवे गेट तक घुटनों तक कीचड़ भरा है जिसमें बसें फंस रही हैं। यदि ये सर्विस लेन बन जाए तो बसों को निकलने की दिक्कत खत्म हो जाएगी।

पिछले 15 वर्षों से झकरकटी बस अड्डे को पीपीपी मॉडल के तहत संवारने की कवायद चल रही है लेकिन कोई न कोई ऐसा पेंच फंस जाता है कि निर्माण की शुरुआत नहीं हो पाती। अब फिर पीपीपी मॉडल का टेंडर हुआ है लेकिन फिर निर्माण रुकता नजर आ रहा है। जितनी बार बस अड्डे को दुरुस्त करने की कोशिश होती तो पीपीपी मॉडल का हवाला देकर बस अड्डे की दिक्कत ठीक नहीं कराई जाती।



बस अड्डे पर जलभराव से बीहड़ सा नजारा। अमृत विचार



सड़क पर बसें खड़ी होने से लगा भीषण जाम । अमृत विचार

### झकरकटी का जाम अफीमकोठी तक

झकरकटी बस अड्डा के बाहर बसें सवारी उतार रही हैं और सवारी ले रही हैं। इसलिये सड़क पर ही सैकड़ों यात्री बस का इंतजार कर रहे हैं। नतीजा ये है कि टाटमिल चौराहे का जाम अफीमकोठी तक पहुंच रहा है। बस अड्डा के सामने वाली पट्टी में सड़क पर ही बसें खड़ी हैं, हालांकि यहां ट्रैफिक की टीम लगी है लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नही है।

मेडिकल जोन

नाचते-गाते, खेलते-कूदते मर जा रहे हैं लोग

# अचानक होने वाली मौतों में लॉन्ग क्यूटी सिंड्रोम भी


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नाचते, गाते, खेलते, दौड़ते, बोलते व सोते समय लोगों की अचानक मौत होने की जानकारी कई बार मिल चुकी है और कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हैं। इन अचानक होने वाली मौतों की वजह लॉन्ग क्यूटी सिंड्रोम भी हो सकता है। दिल की धड़कन अनियमित होने से अचानक से बेहोशी, चक्कर आना, दिल की धड़कन महसूस होना व कमजोरी की समस्या सामने आ सकती है। वहीं, कभी-कभी कोई लक्षण तक सामने नहीं आते हैं।

एलपीएस कार्डियोलॉजी के निदेशक डॉ.राकेश कुमार वर्मा के मुताबिक जब ऐसे अचानक मौत वाले केस सामने आते हैं तो पहले उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई है या नहीं, यह जानने का प्रयास किया जाता है। इसके बाद हार्ट अटैक किस वजह से आया, इसकी भी पहचान का प्रयास किया जाता है। कुछ मरीजों में लॉन्ग क्यूटी सिंड्रोम की जानकारी हुई है। यह दिल की विद्युत गतिविधि का एक विकार है, जिसमें दिल को धड़कनों के बीच फिर से चार्ज होने में सामान्य से अधिक समय लगाता है। यह स्थिति दिल के निचले कक्षों (वेंट्रिकल्स) को धड़कने के बाद वापस सेट होने में सामान्य से अधिक समय लेती है, जिससे घातक लय पैदा होती है। तब दिल की धड़कन अनियमित या तेज होने से बेहोशी, दौरे या अचानक हृदय गति रुक सकती है। यह समस्या जन्मजात (अनुवांशिक) या कुछ दवाओं (एंटीबायोटिक्स व मूत्रवर्धक) या इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन (पोटेशियम की कमी) के कारण भी अर्जित हो सकती है। कहा कि यदि परिवार में अचानक युवा मृत्यु का इतिहास हो तो ऐसे में परिवार के अन्य सदस्यों की भी जांच जरूर करनी चाहिए। वहीं, जिन लोगों में कोई लक्षण नहीं दिखते, उनमे ईसीजी से पता चलता है।

### इन गतिविधियों में बढ़ जाता अधिक खतरा

- शरीर के साथ न देने पर भी कसरत या अचानक से शारीरिक गतिविधि करना।
- किसी वजह से डरने, गुस्सा आने या तनाव जैसी तीव्र भावनाओं में अधिक खतरा
- अचानक तेज आवाजें जैसे अलार्म, डीजे, हार्न व आदि से ।
- रात को अचानक से बेचैनी, सीने में दर्द से नींद के दौरान



### मुख्य लक्षण

- अचानक बेहोश होना, खासकर व्यायाम, डर, गुस्सा या तेज आवाज से चौंकने पर।
- दिल का बहुत तेज या अनियमित धड़कना महसूस होना।
- चक्कर आना व अधिक कमजोरी लगना।
- अचानक दर्द होना और हृदय गति रुकना

## सिटी ब्रीफ

### मुकदमे में समझौते के लिए दबाव डाला

**कानपुर।** बांस मंडी निवासी मो. नावेद की पत्नी रहनुमा ने चमनगंज के हिस्ट्रीशीटर एजाजुद्दीन उर्फ सबलू पर साथी शानू लफ्फाज, इरफान चूड़ी, गुफरान उर्फ पोपे, गुड्डू उर्फ मुड्डी के खिलाफ रंगदारी और अवैध वसूली का मुकदमा दर्ज कराया था। महिला का आरोप है कि मुकदमे में उन पर समझौते का दबाव बना रहे हैं। थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मुकदमा दर्जकर जांच की जा रही है।

### लीज पर होटल दिलाने के नाम 19.50 लाख की ठगी

**कानपुर।** जाजमऊ तिवारीपुर निवासी सचिन पाल के अनुसार दोस्त सक्षम जायसवाल ने हिमांशु गुप्ता नाम के युवक से मिलाया था। सक्षम ने बताया कि हिमांशु वाराणसी के अस्सी घाट स्थित होटल प्रकाश पैलेस में मैनेजर है। हिमांशु ने होटल को लीज पर लेने की बात करते हुए एक लाख रुपये उनसे लिया। सचिन ने बताया कि वह बीती एक जनवरी को वाराणसी गए तो आरोपियों ने उस होटल के मालिक सौरभ सिंह से मिलाया। आरोपियों ने 25 लाख रुपये में तीन वर्ष के लिए होटल लीज पर देने और दो लाख रुपये महीना किराया देने की बात कही। 19 .50 लाख रुपये दे दिए। फिर हिमांशु गायब हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

# अल्लाह को राजी करने को रात भर रोकर मांगीं दुआएं

## शबे बरात पर कब्रिस्तानों में फातिहा पढ़ने के लिए उमड़े लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शबे-बरात की रात में इबादत करने का महत्व कुछ अलग ही है। अल्लाह को राजी करने के लिए रातभर लाखों लोगों ने नमाज पढ़ी, दुआ पढ़ी ताकि उनका रब उनसे राजी हो जाए और किये गये गुनाह माफ हो जाएं।

मंगलवार को शाम होते ही मगरिब की नमाज अदा करने के बाद लाखों लोग इबादत में जुट गये। महिलाओं ने घरों में नमाज अदा की, कुरआन की तिलावत की तो पुरुषों ने मस्जिदों में नमाज पढ़ी। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जलसे हुए । सबसे बड़ा जलसा दावते इस्लामी की जानिब से हलीम ग्राउंड पर हुआ। इस दौरान शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी, शहरकाजी मुफ्ती डॉ. मोहम्मद यूनुस रजा ओवैसी, शहरकाजी साकिब अदीब, मौलाना हाशिम अशरफी, मौलाना अब्दुर रहीम बहराइची आदि ने जलसे को खिताब फरमाया। मंगलवार को सुबह से ही घरों में हलवा बनाया गया और हजरत उवैस करनी रजि. के नाम की फातिहा दिलाई गई। इसी के साथ ही रात में पकवान बना और गरीबों, बेसहारा, मिस्कीनों को खाना खिलाया गया और उनकी आर्थिक तंगी दूर की गई।



कब्रिस्तान में फातिहा पढ़ते लोग। अमृत विचार

### बकरमंडी कब्रिस्तान में सबसे ज्यादा भीड़

- शाम को मगरिब की नमाज के बाद से ही लोगों के कब्रिस्तान पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया जो पूरी रात जारी रहा। अपने पूर्वजों की कब्र पर फातिहा पढ़ी। सबसे ज्यादा भीड़ बकरमंडी कब्रिस्तान में पहुंची जिससे ये रास्ता बंद करना पड़ा। बुधवार को रोजा रखा जाएगा इसके लिए बच्चे भी पूरी तरह खुश और तैयार नजर आए।

## फार्मा एसोसिएशन के 50 वर्ष हुए



विशाल भार्गव।



निखिला चांडक।

**कानपुर।** फार्मा मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन की 50वीं वार्षिक आम सभा में नवनिर्वाचित पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। डा विशाल भार्गव को अध्यक्ष पद तथा निखिल चांडक को महासचिव पद के लिए मनोनीत किया गया। चुनाव अधिकारी डा एमसी बिंदल ने चुनाव प्रकिया सम्पन्न करायी। चुनाव अधिकारी डा बिंदल ने डा विशाल भार्गव को अध्यक्ष, भारत भूषण गुलाटी को उपाध्यक्ष, निखिल चांडक को महासचिव, संकेत खेरिया को कोषाध्यक्ष, एनके गुप्ता को स्पीकर, हर्ष मिघलानी को सचिव-1, समीर भार्गव को सचिव-2, अनुप टण्डन को कानूनी सलाहकर व अजय मिश्रा को कार्यकारिणी सचिव के पद का कार्यभार सौंपा। कार्यकारिणी समिति में अरूण भाटिया, वीरेन्द्र कुमार, पवन गुप्ता, आनन्द गुप्ता, गौरव आग्रवाल, डा सौरभ भार्गव, जसकरन सिंह, सागर मिश्रा एवं डा दिवाकर तिवारी का मनोनयन किया गया।

# सरसौल के बौसर गांव में बनेगा आधुनिक ग्रामीण स्टेडियम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**10** करोड़ की लागत से बनेगा मिनी स्टेडियम

- गांव के युवाओं को मिलेंगी शहर जैसी खेल सुविधाएं
- सरकार की बड़ी पहल, युवा कल्याण विभाग कराएगा निर्माण

**अमृत विचार।** योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में सरसौल ब्लॉक के ग्राम बौसर में एक आधुनिक स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना पर कुल 9 करोड़ 88 लाख 61 हजार रुपये की लागत आएगी। यह धनराशि उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी और निर्माण कार्य युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत कराया जाएगा। इस स्टेडियम में इन्डोर गेम खेले जाएंगे।

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने स्टेडियम निर्माण से संबंधित सभी दस्तावेज और प्रस्ताव उच्च स्तर पर भेज दिए हैं। कार्यदायी संस्था द्वारा 27 जनवरी को विस्तृत लागत अनुमान पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है। परियोजना को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है, अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। यह स्टेडियम महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बौसर गांव में बनेगा, जिससे ग्रामीण युवाओं को खेल अभ्यास के लिए शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी, उपनिदेशक युवा कल्याण एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया है कि निर्माण कार्य की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए। इस संबंध में जिला युवा कल्याण अधिकारी आरती जायसवाल ने कहा कि बौसर में बनने वाला यह स्टेडियम गांव के युवाओं को प्रशिक्षण, अभ्यास और प्रतियोगिताओं का अवसर देगा। इससे जिले की खेल प्रतिभाएं आगे आएंगी।

### इनडोर गेम होंगे

- मिनी स्टेडियम में ज्यादातर इनडोर खेलों का अभ्यास कराया जाएगा। कुश्ती, बॉक्सिंग, जूडो, कबड्डी, ताइक्वांडों, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वेट लिफ्टिंग, जिम्नास्टिक आदि खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए रहने व खाने की बेहतर व्यवस्था की जाएंगी। बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए सही डाइट के लिए सरकार द्वारा यह सुविधा खिलाड़ियों को दी जाएंगी।

### यहां भी बनेंगे स्टेडियम

- भीतरगांव ब्लाक के साढ़, बिधनू के पिपौरी और पतारा ब्लाक मुख्यालय पर भी मिनी स्टेडियम बनाने की योजना है। कल्याणपुर के मकसूदाबाद गांव में स्टेडियम बनकर तैयार हो चुका है।



उत्पाद देखते अतिथि। अमृत विचार

# एमएसएमई उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया

**एमएसएमई एक्सपो**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एमएसएमई विकास कार्यालय द्वारा दो दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम एवं एमएसएमई एक्सपो–2026 का मंगलवार को परिसर में शुभारंभ किया गया। एक्सपो में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विभागों, बैंकों एवं एमएसएमई इकाइयों द्वारा 87 से अधिक स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया गया।

संयुक्त निदेशक विष्णु कुमार वर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से एमएसएमई इकाइयों एवं सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बीच आपसी सहयोग बढ़ता है। पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी की जानकारी देते हुए कहा कि सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को अपनी कुल खरीद का 25 प्रतिशत सूक्ष्म एवं लघु उद्योग इकाइयों से करना अनिवार्य है, ।

संयुक्त आयुक्त उद्योग सुनील कुमार ने प्रदेश सरकार की औद्योगिक योजनाओं की जानकारी देते हुए उद्यमियों से कम लागत में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने का आह्वान किया। हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के उप महाप्रबंधक सुरेश चन्द्र मीणा ने सृजन पोर्टल के माध्यम से वेंडर पंजीकरण की जानकारी दी। एलिम्को के उप मुख्य सामग्री प्रबंधक रवि रंजन ने उद्यमियों से उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाकर एलिम्को जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों को आपूर्ति करने को कहा। आयुध निर्माणी के वर्क्स मैनेजर संजय गुप्ता ने बताया कि संस्थान द्वारा लगभग 90 प्रतिशत खरीद एमएसएमई क्षेत्र से की जाती है। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर टी रजनीश, डीजीक्यूए ने उद्यमियों से 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के अनुरूप कार्य करने पर बल दिया। एक्सपो में हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड, एलिम्को, बैंक ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक, यूको बैंक सहित 82 से अधिक सूक्ष्म एवं लघु उद्योग इकाइयों ने सहभागिता की। बुधवार को क्रेता–विक्रेता सम्मेलन, तकनीकी सत्रों के साथ शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएंगी।

# चिड़ियाघर में आज 52 बच्चों को मिलेगी फ्री इंट्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बुधवार को 12 वर्ष तक के जो बच्चे पहले पहुंचेंगे, उन्हें मिलेगी फ्री इंट्री
- एक ऊदबिलाव से शुरू हुए सफर में अब 1240 वन्यजीवों का परिवार

**अमृत विचार।** एक ऊदबिलाव से शुरू हुए कानपुर चिड़ियाघर में अब 1240 वन्य जीवों का बड़ा कुनबा मौजूद है। ये चिड़ियाघर बुधवार 4 फरवरी को 52 वर्ष का होने जा रहा है। इससे उत्साहित चिड़ियाघर के स्थापना दिवस पर प्रबंधन ने बुधवार को पहले आने वाले 52 बच्चों को मुफ्त चिड़ियाघर में इंट्री देने की घोषणा की है। शर्त ये है कि 12 साल के जो बच्चे चिड़ियाघर सुबह जल्दी पहुंचेंगे, उन्हें ही ये फ्री इंट्री मिलेगी।

बुधवार को चिड़ियाघर प्रशासन 52वीं वर्षगांठ को बेहद धूमधाम से मनाएगा जिसको लेकर तैयारी पिछले कई दिनों से चल रही है। 4 फरवरी 1974 को जब पहली बार इसके दरवाजे आम जनता के लिए खुले थे, तब किसी ने नहीं सोचा था कि एक ऊदबिलाव से शुरू हुआ यह सफर एक दिन 1240 वन्यजीवों के विशाल परिवार में बदल जाएगा।

क्षेत्रीय वन अधिकारी नावेद इकराम का कहना है कि 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए ये एक शानदार मौका है, उन्हें अपना आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना होगा। कानपुर चिड़ियाघर में 18 हेक्टेयर की प्राकृति झील भी फैली हुई है। ये जगह कभी मिस्टर एलन की हुआ करती थी, इसीलिए इसे 'एलन फॉरेस्ट' कहा जाता है। आज यहां 30 से ज्यादा तेंदुए, सफेद बाघ, बब्बर शेर और जेब्रा जैसे जीव पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे हैं। चिड़ियाघर में वालाबी के दो नन्हे शावक, ढोल (जंगली कुत्ते) के तीन बच्चे और ग्रे वुल्फ के पांच शावकों ने जन्म लिया है। इतना ही नहीं, ऑस्ट्रिच के घोंसलों में आए अंडों ने भी प्रशासन की उम्मीदें जगा दी हैं। जू के डायरेक्टर कन्हैया पटेल का विजन स्पष्ट है कि वे कानपुर के इस हरे-भरे फेफड़े को विश्वस्तरीय पहचान दिलाना चाहते हैं।



जू में तेंदुए। अमृत विचार



भालू भी हैं। अमृत विचार

# स्कूली बच्चों ने सड़क पर दौड़ाया ई-ऑटो

**कानपुर।** चकेरी में पीएसी मोड़ स्कूली बच्चे चालक से ई-ऑटो लेकर सड़क पर दौड़ाने लगे। ई-ऑटो अनियंत्रित होने से बच्चों ने दो राहगीरों को टक्कर मार दी। इसके बाद ऑटो खंभे से टकरा दिया। राहगीरों ने पकड़ने का प्रयास किया तो मारपीट कर भाग निकले। घायलों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने चालक को पकड़कर पूछताछ की व ऑटो को कब्जे में लिया है। नवाबगंज निवासी ई-ऑटो चालक शिवम वर्मा ने बताया वह गंगागंज क्षेत्र में सवारी के इंतजार में खड़े थे। इस दौरान तीन स्कूली छात्र आए और घर जाने का किराया पूछा। इसी बीच शिवम किसी काम से ऑटो सड़क किनारे खड़ा कर एक दुकान में गए, तभी तीनों छात्र बिना बताए ई-ऑटो लेकर भागे। छात्रों ने जीटी रोड पर सड़क किनारे चल रहे काकोरी गांव निवासी सूर्यकुमार और अशोक कुमार को टक्कर मार दी। ऑटो को खंभे से टकरा दिया। घायल सूर्य कुमार व अशोक ने छात्रों को पकड़ने का प्रयास किया तो मारपीट कर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कांशीराम में इलाज कराया। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर ऑटो चालक से पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### कलश यात्रा में भजनों पर झूमे भक्त

**कानपुर।** श्री शनि साईं मंदिर गांधीनगर गणेश पार्क पीरोड के 26वें वार्षिक महोत्सव के प्रथम दिन शोभायात्रा, साईं बाबा की पालकी व श्री खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा विभिन्न स्थानों से होती हुई शनि साईं मन्दिर वापस आई। भक्तों ने पुष्प वर्षा कर प्रभु का स्वागत किया। शोभायात्रा में 101 महिलाएं कलश लेकर चल रही थीं। साईं बाबा की पालकी व श्याम बाबा की निशान यात्रा के साथ चल रहे भक्तों की टोली ने जयकारों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कथाव्यास दीपक कृष्ण जी महाराज ने श्रीमद्भागवत के महात्मय का वर्णन विस्तार से किया। उन्होंने बताया कि कलयुग में मनुष्य अपने भावों को सत्संग के जरिए ही स्थिर रख सकता है। सत्संग के बिना विवेक उत्पन्न नहीं हो सकता। बिना सौभाग्य के सत्संग सुलभ नहीं हो सकता। इस अवसर पर पूर्व पार्षद महेंद्र नाथ शुक्ला, राजेंद्र नाथ शुक्ला, रश्मि शुक्ला, श्रीश शुक्ला, गंगा शरण दीक्षित, विनोद अग्निहोत्री, शशांक शुक्ला, कुनाल तिवारी, मोनू शुक्ला, राहुल दुबे, आशीष सक्सेना, अभिषेक द्विवेदी, कमल तिवारी, अंशु शुक्ला, राजन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# अमेरिकी टैरिफ घटने पर बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका द्वारा 50 प्रतिशत की जगह 18 प्रतिशत टैरिफ किए जाने से प्रसन्न कारोबारियों ने जगह- जगह मिठाई बांटी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। होजरी बिजनेस सेंटर कोपरगंज भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की ओर से मिठाई बांटी गई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व का परिणाम है । भारत से अमेरिका को निर्यात बढ़ेगा जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

कहा कि अमरीका ने पिछले वर्ष 2025 में जुलाई में 25 प्रतिशत व अगस्त में 25 प्रतिशत कुल 50 प्रतिशत टैरिफ भारत पर लगाया था जिससे कानपुर सहित पूरे देश का अमेरिका को होने वाला निर्यात प्रभावित हुआ था।

कानपुर से चमड़ा व रेडीमेड सहित अन्य वस्तुओं का व्यापार प्रभावित हुआ था और भारत से अमेरिका को होने वाला निर्यात लगातार घट रहा था जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ रहा था । इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश आहूजा, जिला युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र, जिला उपाध्यक्ष महेश गंगवानी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अब्दुल वहीद, जिला उपाध्यक्ष कुंदन शर्मा, जिला मन्त्री सुरेन्द्र जायसवाल, अनुराग जयसवाल, राकेश भाटिया, राजेश रोमानी, सोनू राजपाल, चिराग संतवानी, अंकुर चितवानी, युवा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्र, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश आहूजा व उपाध्यक्ष महेश गंगवानी, मंत्री सुरेन्द्र जायसवाल आदि मौजूद रहे।



मिठाई बांटते कारोबारी। अमृत विचार

**आम सूचना**

यह आम जनता की जानकारी के लिए है कि कानपुर के नौबस्ता जिले के बाबा नगर स्थित मकान संख्या एनबीटीबीएन/230, जो कि 100 वर्ग गज (83.61 वर्ग मीटर) के भूखंड पर बना है और जिसे अराजी संख्या 230 से अलग किया गया है, श्री पंकज कुमार तिवारी, स्वर्गीय श्री राम ललित तिवारी के स्वामित्व में है। उन्होंने श्रीमती सुमित्रा पांडे और श्री सुशील कुमार तिवारी द्वारा निष्पादित दिनांक 05.02.2025 के उपहार विलेख के माध्यम से उक्त प्राप्त किया था। अब श्री पंकज कुमार तिवारी ने अपने द्वारा ऋण के रूप में दी गई राशि को सुरक्षित करने के लिए उक्त संपत्ति को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के पास गिरवी रखने का प्रस्ताव रखा है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति है, तो वे सात (7) दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी संपर्क कर सकते हैं। अन्यथा किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

मृणाल लालचंदानी, वकील
कक्ष संख्या 14 (पहली मंजिल) मोती लाल अधिवक्ता भवन न्यायालय, कानपुर

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

विचार | नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने आईआईटी का दौरा किया

# विकसित भारत के लिए योगदान दें : नौसेना प्रमुख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी मंगलवार को आईआईटी कानपुर पहुंचे। उन्होंने यहां डीप-टेक नवाचार, अनुसंधान तथा रक्षा-संबंधी प्रौद्योगिकी विकास के सशक्त और गतिशील पारिस्थितिकी तंत्र से संवाद किया। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, यहां प्रदर्शित नवाचार की भावना वास्तव में प्रेरणादायक है। आईआईटी कानपुर जैसे संस्थानों में विकसित प्रौद्योगिकियां हमारे देश के सुरक्षित और आत्मनिर्भर भविष्य को आकार देने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मैं इन स्टार्टअप्स से आग्रह करता हूं कि वे नवाचार की सीमाओं को निरंतर आगे बढ़ाएं और 'विकसित भारत 2047' के विज़न में सार्थक योगदान दें, जहां भारत वैश्विक तकनीकी नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो।

आईआईटी के उप निदेशक प्रो. ब्रज भूषण ने कहा, आईआईटी कानपुर के लिए एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी की मेजबानी करना तथा डीप-टेक नवाचार और रक्षा-उन्मुख अनुसंधान में संस्थान के बढ़ते योगदान को प्रदर्शित करना गर्व का विषय है। उनका यह दौरा स्वदेशी एवं मिशन-महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के विकास हेतु शिक्षा जगत, स्टार्टअप्स और सशस्त्र बलों के बीच सशक्त सहयोग के महत्व को पुनः स्थापित करता है। भारत की रणनीतिक और तकनीकी आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने वाले अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को आगे बढ़ाने के लिए हम निरंतर प्रतिबद्ध हैं। एडमिरल त्रिपाठी ने स्टार्टअप इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर का दौरा किया, जहां सेंटर के मुख्य निवेश अधिकारी अनुराग सिंह, मुख्य परिचालन अधिकारी एवं मुख्य वित्त अधिकारी पीयूष मिश्रा ने उन्हें नवाचार आदि के बारे में बताया। प्रो. दीपु फिलिप ने इन्क्यूबेशन, नवाचार और स्टार्टअप त्वरक रूपरेखा का विस्तृत प्रस्तुतीकरण उनके समक्ष किया। प्रो. दीपु फिलिप ने कहा, सेंटर में हमारा उद्देश्य साहसिक विचारों को ऐसी उपयोग में लाई जा सकने वाली प्रौद्योगिकियों में परिवर्तित करना है, जो भारत की रणनीतिक तैयारी को सुदृढ़ करें।

इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रदर्शनी में रक्षा एवं संबद्ध क्षेत्रों में कार्यरत 15 उच्च-प्रभावी डीप-टेक स्टार्टअप्स को प्रदर्शित किया गया। इनमें स्वायत्त प्रणालियां, साइबर सुरक्षा, सामग्री अभियांत्रिकी, ड्रोन तथा उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्र शामिल थे। इस अवसर पर उप निदेशक प्रो. ब्रज भूषण, प्रो. तरुण गुप्ता, एयर मार्शल फिलिप थॉमस आदि रहे।



ड्रोन देखते नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी। अमृत विचार



बस को हरी झंडी दिखाते सीएमओ व अस्पताल के निदेशक व अन्य अधिकारी।

### पारस अस्पताल ने मरीजों के लिए शुरू की मुफ्त बस सेवा

**कानपुर :** विश्व कैंसर दिवस पर पारस हेल्थ कानपुर ने अपनी कानपुर फैसिलिटी में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कैंसर जल्दी पता लगाने, समय पर डायग्नोसिस और समन्वित कैंसर इलाज के महत्व पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरि दत्त नेमी ने अस्पताल की पहल को सराहा। इस अवसर पर मरीजों के लिए मुफ्त बस सेवा शुरू की गई। पारस हेल्थ कानपुर के फैसिलिटी डायरेक्टर रजत बजाज ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस एक ऐसा शक्तिशाली रिमाइंडर है जो हमें कैंसर के इलाज को बेहतर बनाने के लिए जागरूकता, जल्दी डायग्नोसिस और हर एक मरीज को एक्सपर्ट देखभाल की सुलभता की आवश्यकता को दर्शाता है। पारस हेल्थ कानपुर में हम ऑकोलॉजी सर्विस को एडवांस्ड ट्रीटमेंट ऑप्शन और व्यापक पेशेंट सपोर्ट से मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पारस हेल्थ कानपुर ने अपनी फैसेलिटीज में मरीजों के लिए मुक्त बस सेवा शुरू करने का भी ऐलान किया है। यह सर्विस शुरू कर दी गई। सोमवार से शुक्रवार तक दिन दो ट्रिप्स में चलेगी। यह पूरे कानपुर से हॉस्पिटल तक जितने भी मरीज होंगे सभी को ले आएगी। पारस हेल्थ कानपुर में ऑन्कोलॉजी सेवाओं का नेतृत्व विशेषज्ञों की एक टीम करती है, जिसमें डॉ. एस. के. शर्मा, डायरेक्टर, मेडिकल ऑन्कोलॉजीडॉ. अजय कुमार सिंह, कंसल्टेंट, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी डॉ. कुश पाठक–एसोसिएट डायरेक्टर, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और डॉ. अलंकृता सिंह –कंसल्टेंट, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी शामिल हैं।

**Public Notice**

I, hitherto know as Ram Lakhan Verma , S/o Chhitanii Ram, R/o at satnyava , Banda satnyoan U.P 210125 have changed my name and shall hereafter be know as L A X M I P R A S A D VERMA.Henceforth, I shall be known as Laxmi Prasad Verma for all purposes.

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रोहित कुमार त्रिवेदी पुत्र ओम प्रकाश त्रिवेदी ग्रा.पो. भोजपुर, पर. व थाना सरेनी, तह. लालगंज जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरी पत्नी रश्मि देवी हैं। मेरा बड़ा पुत्र हर्षित त्रिवेदी और पुत्रवधू डाली का व्यवहार काफी खराब है। उसके गलत प्रवृत्ति के कारण दोनों को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके किसी क्रिया कलाप से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कुछ सरकारी अभिलेखों/पासपोर्ट में भूलवश मेरा नाम राम लक्षमन दर्ज हो गया है। वास्तव में मेरा नाम लक्षमन पुत्र राम लोचन (Lakshmkan s/o Ram Lochan) है। अतः भविष्य में मुझे लक्षमन पुत्र राम लोचन के नाम से जाना व पहचाना जाए। लक्षमन पुत्र राम लोचन निवासी ग्राम–रानीपुर, पोस्ट–रामपुर ग्रांट, जिला–बलरामपुर।

**सूचना**

मेरा नाम आधार कार्ड नंबर (595678460657) में सकील मोहम्मद दर्ज है जबकि पासपोर्ट नंबर (L9568251) में केवल सकील दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। अतः मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाए। **सकील मोहम्मद उर्फ सकील पुत्र अकबर अली निवासी धुसाह जि. बलरामपुर।**

**सूचना**

मेरे द्वारा क्रय की गई संपत्ति मकान संख्या सी 3/23, विकासखंड–3, गोमती नगर लखनऊ, का आवंटन पत्र कहीं खो गया है जिसकी L.A.R No- 2026000134898 दिनांक 03.02.2026 है, जिसको कहीं बंधक आदि नहीं किया, इसका उपयोग शून्य होगा, **शिवेंद्र कुमार शुक्ला 9305855463**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम RAM ASARE DUPTA था से बदलकर RAM ASARE GUPTA रख लिया है अब मुझे RAM ASARE GUPTA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM KETARE GUPTA ADD-VILLAGE-AND POST-VELIYA DIST-GONDA-271124(U.P.)

